

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 18 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष -41 ■ अंक-141 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 19 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## विपक्ष के निशाने पर चुनाव आयोग, महाभियोग की तैयारी

**नई दिल्ली,18 अगस्त।** बिहार में वोटर लिस्ट की गहन जांच और वोट चोरी के आरोप के बीच विपक्ष चुनाव आयोग के खिलाफ एकजुट होता दिख रहा है। इस क्रम में विपक्ष की तरफ से मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव की तैयारी चल रही है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से इस आशय की खबर सामने आ रही है। खबर है कि विपक्ष सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सदन में महाभियोग प्रस्ताव ला सकता है। विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त के व्यवहार से नाराज बताया जा रहा है। विपक्ष बिहार में वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने के साथ ही वोटों की चोरी और पक्षपात को लेकर चुनाव आयोग पर लगातार आक्रामक रुख अपनाए हुए है। इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने संसद परिसर में चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विपक्षी दलों के सदस्य बीजेपी और चुनाव आयोग के खिलाफ 'वोट चोरी' के आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर कहा, "मुख्य चुनाव आयुक्त ने भाजपा से यही अनुरोध क्यों नहीं किया? उन्होंने भी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त बीजेपी के साथ कांग्रेस जैसा व्यवहार क्यों नहीं कर रहे हैं? मुझे लगता है कि मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस




करके इस संवैधानिक पद की गरिमा को कमजोर किया गया है। वहीं, कांग्रेस सांसद वामसी गद्दाम ने कहा कि यह बहुत मजेदार है। ज्ञानेश कुमार ऐसे बात कर रहे हैं जैसे वे चुनाव आयोग का नहीं, बल्कि बीजेपी का प्रतिनिधित्व कर रहे हों। कांग्रेस सांसद ने कहा कि राहुल गांधी ने कुछ बुनियादी सवाल उठाए हैं, जिसमें चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया गया है। चुनाव आयोग का काम आम आदमी और देश के आम मतदाता को यह विश्वास दिलाना है कि कोई चोरी नहीं हो रही है, कोई हेराफेरी नहीं हो रही है। इससे पहले चुनाव आयोग ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेस कर वोट चोरी के आरोपों पर सफाई दी थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का कहना था कि आयोग सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार करता है, क्योंकि हर दल का जन्म चुनाव आयोग में रजिस्ट्रेशन से होता है। सीईसी का कहना था कि चुनाव आयोग के लिए, कोई पक्ष या विपक्ष नहीं है, सभी समकक्ष हैं। चाहे किसी भी राजनीतिक दल का कोई भी हो, चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की तरफ से चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोप पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पलटवार किया था। राहुल के आरोप पर उन्होंने कहा कि 7 दिन में हलफनामा देना होगा या फिर देश से माफी मांगनी होगी। उन्होंने कहा था कि मैं मीडिया के माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि अगर 7 दिन में हलफनामा नहीं मिला, तो ये सभी आरोप बेबुनियाद माने जाएंगे। हमारे मतदाताओं के बारे में यह बोलना कि वह फर्जी है, जो भी इस बात को बोल रहा है, उसे माफी मांगनी चाहिए।

## संक्षेप

### आईएएस आर. शंगीता को मिला स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर,18 अगस्त।** आईएएस आर. शंगीता को सचिव, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग और



आबकारी आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार के साथ छत्तीसगढ़ बेवरेजेस कार्पोरेशन और छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड का प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. आर. शंगीता के कार्यभार ग्रहण करने पर आईएएस श्याम लाल धावडे छत्तीसगढ़ बेवरेजेस कार्पोरेशन के साथ छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड का प्रबंध संचालक के कार्यभार से मुक्त होंगे. लेकिन ग्रामोद्योग विभाग सचिव और ग्रामोद्योग संचालक, छत्तीसगढ़ हाथकरघा विकास एवं विपणन संघ मर्यादित और छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड प्रबंध संचालक का दायित्व यथावत रहेगा.

### सीपी राधाकृष्णन को सीएम साय ने दी बधाई

**मुंबई,18 अगस्त।** एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है. इसे लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुभकामनाएं दी. वहीं मुख्यमंत्री दुर्ग के दौरे पर रहेंगे.एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है. इसे लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुभकामनाएं दी. वहीं मुख्यमंत्री दुर्ग के दौरे पर रहेंगे.एनडीए ने उपराष्ट्रपति पद के लिए सीपी राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार बनाया है. वहीं सीपी राधाकृष्णन



को उम्मीदवार बनाये जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुभकामनाएं दी है. वहीं सीएम विष्णुदेव साय आज दुर्ग जिले के दौरे पर रहेंगे. जहां वे सुपेला में भाजपा के नए जिला कार्यालय का लोकार्पण करेंगे. दोपहर को सुपेला में नगर पालिका निगम भिलाई में भूमिपूजन/लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे. इस दौरान सुपेला निगम के लोगों को सौगात देंगे.

### द्वारका में डीपीएस समेत 3 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नईदिल्ली ,18 अगस्त।** दिल्ली में एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस बार धमकी भरा ईमेल द्वारका के 3 स्कूलों में आया है। पुलिस ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), श्रीराम वर्ल्ड स्कूल और मॉडर्न स्कूल को धमकी दी गई है। पुलिस सुबह करीब 7 बजे स्कूलों से धमकी की जानकारी मिली थी। दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई और उन्होंने परिसर खाली करा लिया है। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने सभी स्कूलों की जांच की है, लेकिन अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। कुछ स्कूलों में बच्चों को घर भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि स्कूलों को धमकी ईमेल के जरिए मिली थी, ईमेल भेजने वाले का पता लगाया जा रहा है। एक कॉलेज को भी धमकी मिलने की सूचना है, हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। स्कूल प्रबंधन के छात्रों के अभिभावकों को सूचित कर दिया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्कूलों और कॉलेजों को धमकी मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले साल भी 200 से अधिक स्कूलों को धमकी मिली थी। पिछले महीने जुलाई में द्वारका के 5 स्कूलों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकी मिली थी और उनको धमकी भरा ईमेल भी एक ही पते से आया था।

## मुंबई फिर पानी-पानी, सड़कों पर लंबा ट्रैफिक जाम

**मुंबई,18 अगस्त।** महाराष्ट्र में मौसम ने हर तरफ तबाही मचा रखी है. शहरों से लेकर गांवों तक हालत खराब है. मुंबई में तो 72 घंटों से मूसलाधार बारिश हो रही है. सोमवार की भारी बारिश ने शहर की रफ्तार रोक दी. शहर के विले पार्ले के पास वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर ट्रैफिक रेंगता नजर आया. सायन के गांधी मार्केट इलाके में कई फीट पानी भर गया और गाड़ियां जाम में फंसी हुई. अंधेरी-बोरिवली से लेकर दादर-चर्चगेट तक यही आलम रहा. हालात देखते हुए बीएमसी ने स्कूल-कॉलेज बंद करने का आदेश दिया है. उसने 1916 हेल्पलाइन नागरिकों के लिए जारी की है. बीएमसी को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है. भारतीय मौसम विभाग ने सुबह 2 बजे ही चेतावनी जारी कर दी थी कि अगले 3 से 4 घंटों में मुंबई और उपनगरों में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है. इसके साथ ही विभाग ने महाराष्ट्र के कोकण क्षेत्र, जिसमें मुंबई, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग और गोवा शामिल हैं. इन इलाकों के लिए फ्लैश फ्लड अलर्ट भी जारी किया था. ताकि लोग एहतियात बरत सकें. आईएमडी के अनुसार, 24 घंटे में रत्नागिरी में 109 मिमी, सांताक्रूज़ में 71 मिमी और गोवा के पणजी में 69 मिमी बारिश दर्ज की गई. आईएमडी ने अगले दो दिनों के लिए मुंबई, ठाणे सहित कोंकण और महाराष्ट्र के घाट इलाकों में भारी से लेकर कुछ जगहों पर बेहद भारी बारिश की संभावना के लिए रेड अलर्ट जारी किया है. मराठवाड़ा और विदर्भ के कुछ हिस्सों के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.बीएमसी आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगरानी ने आज दोपहर 12 बजे के बाद मुंबई के सभी स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया है. बीएमसी प्रशासन नागरिकों से अपील कर रहा है कि वे केवल आवश्यक होने पर ही अपने घरों से बाहर निकलें. किसी भी आवश्यकता पड़ने पर, सहायता और आधिकारिक जानकारी के लिए बृहन्मुंबई नगर निगम के मुख्य नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर 1916 पर संपर्क करने का अनुरोध है. 8:30 बजे से 11:30 बजे तक टाटा पावर चेंबूर में सर्वाधिक 91.5 मिमी बारिश हुई, इसके बाद विक्रोली में 78.5 मिमी, जुहू में 60.0 मिमी, सायन में 58.5 मिमी, बांद्रा में 50.0 मिमी, सांताक्रूज में 47.2 मिमी और कोलाबा में 29.0 मिमी बारिश दर्ज की गई. महाराष्ट्र के नांदेड़ के मुखेड़ तालुका में सोमवार सुबह से तेज बारिश का सिलसिला जारी है. भिंगोली, भेंडेगांव, हसनाल, रावनगांव, भसवाड़ी और सांगवी भदेव जैसे गांवों में बाढ़ जैसी हालात है. स्थानीय प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीमें मौके पर भेज दी हैं और बुज़ुर्ग नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है. गांवों में पानी घरों में घुस गया है और खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो रही हैं. ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी बारिश उन्होंने वर्षों बाद देखी है। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए हैं. बुलढाणा जिले में लगातार बारिश ने तबाही मचाई है.



### बिजली की चपेट में आने से 5 की मौत

**हैदराबाद,18 अगस्त ।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक श्री कृष्णाष्टमी जुलूस के दौरान दर्दनाक हादसा हुआ. श्रद्धालुओं द्वारा खींचा जा रहा एक रथ ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों के संपर्क में आ गया. इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए. घटना की जांच की जा रही है.यह घटना रविवार रात रामंतपुर के अंतर्गत गोकुलनगर में हुई. मृतकों की पहचान कृष्णा यादव (21), सुरेश यादव (34), श्रीकांत रेड्डी (35), रुद्रविकास (39) और राजेंद्र रेड्डी (45) के रूप में हुई है.

## स्कूटी के सामने अचानक आया कुत्ता, गाजियाबाद में सड़क हादसे में 25 साल की महिला एसआई की मौत

**गाजियाबाद,18 अगस्त।** गाजियाबाद के कविनगर थाने में तैनात महिला सब इंस्पेक्टर रिचा शर्मा की रविवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई है। रोड एक्सीडेंट की वजह स्कूटी के सामने अचानक से कुत्ते का आ जाना बताया गया है। सामने आई जानकारी के मुताबिक रिचा शर्मा ड्यूटी खत्म करके स्कूटी से जा रहीं थी, तभी अचानक से स्कूटी के सामने कुत्ता आ गया और उनकी वो हादसे का शिकार हो गईं। रिचा शर्मा मूलरूप से कानपुर नगर की रहने वाली हैं। 25 साल की रिचा शर्मा 2023 में यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हुई थीं। फिलहाल उनकी तैनाती कविनगर थाने की शास्त्रीनगर चौकी पर थी। वह पास में ही किराए पर कमरा लेकर रहती थीं। अधिकारियों के मुताबिक रिचा शर्मा रविवार रात करीब दो बजे ड्यूटी खत्म करके स्कूटी से कमरे पर जा रही थीं। कमरा पर लौटते समय कार्टे चौक पर अचानक से कुत्ता स्कूटी के सामने आ गया, जिससे टकराकर वह स्कूटी समेत सड़क पर गिर गईं। हेलमेट लगा होने के बावजूद रिचा शर्मा के सिर में गंभीर चोट आई। अस्पताल ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एसीपी कविनगर भास्कर वर्मा का कहना है कि परिजनों को सूचना देने के बाद महिला उपनिरीक्षक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला उपनिरीक्षक की अभी शादी नहीं हुई थी। परिवार में उनके जाने से गम का माहौल है।



## बीजापुर आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी जवान शहीद

**रायपुर,18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क एरिया में नक्सिलयों के आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी जवान दिनेश नाग शहीद हो गए. इस हमले में 3 अन्य जवान घायल हुए हैं. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में बीजापुर डीआरजी के जवान दिनेश नाग के शहीद होने एवं तीन जवानों के घायल होने की दुःखद सूचना मिली है. ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं. घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं. उन्होंने कहा कि बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं और इसीलिए ऐसी कायराना हरकतें कर रहे हैं. डीआरजी के जवान दिनेश नाग की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी. नक्सलवाद का खात्मा हमारा संकल्प है और इस दिशा में हम हर हाल में सफल होंगे. बता दें कि भोपालपटनम के उल्लुर इलाके में जवान सर्चिंग अभियान के लिए रवाना हुए थे.

## दीपक बैज ने नारायणपुर एनकाउंटर को फर्जी बताया

**रायपुर,18 अगस्त।** नारायणपुर में फर्जी एनकाउंटर का कांग्रेस ने आरोप लगाया है. छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने चिड़िया मारने गए युवकों को नक्सली बताकर एनकाउंटर करने का आरोप लगाते हुए इस पर आदिवासी संगठनों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करने की बात कही है. छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अभय नेताम ने बताता है कि वह नक्सली नहीं है. चिड़िया मारने गया था, फिर भी उसे पीठ में गोली मार दी जाती है. गोली आर-पार है. इस फर्जी एनकाउंटर का कौन जिम्मेदार है? सरकार अभी तक क्यों चुप है? गृहमंत्री क्यों चुप हैं? अभय नेताम नक्सली है या फर्जी एनकाउंटर हुआ है इसका जवाब दे? बैज ने कहा कि हम लगातार सवाल उठा रहे कि आदिवासी युवाओं को फर्जी मुठभेड़ में मार रहे हैं. आज भी बस्तर में हालात ठीक नहीं है. पीसीसी ने मोहन मरकाम के नेतृत्व में अभय नेताम के मामले में जांच कमेटी घोषित की है. यदि सरकार ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं करती तो कांग्रेस पार्टी और आदिवासी संगठन इस पर बड़ा आंदोलन करेंगे.

## पाकिस्तान में मॉनसूनी बारिश से मर गए 657 लोग, 1000 से ज्यादा घायल

**करांची,18 अगस्त।** पाकिस्तान में मॉनसून की बारिश में ही 657 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 1000 से ज्यादा लोग घायल हैं। पाकिस्तान में जून के आखिर से लेकर अब तक बारिश में हुई मौतों का यह आंकड़ा है। रविवार को मीडिया से बात करते हुए पाकिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के प्रवक्ता तैयब शाह ने बताया कि अब भी भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि फिलहाल 22 अगस्त तेज बारिश जारी रहेगी। इसके अलावा सितंबर में भी दो से तीन बार मॉनसून की जोरदार बारिश का दौर देखने को मिल सकता है। शाह ने कहा कि इस साल मॉनसून की बारिश बीते साल की तुलना में 60 फीसदी तक अधिक है। तैयब शाह ने कहा कि इस बार मॉनसून की बारिश इतनी ज्यादा है कि बीते कई सालों के मुकाबले सबसे ज्यादा तबाही हुई है। एनडीएमए के अनुसार अब तक 657 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 171 बच्चे, 94 महिलाएं और 392 पुरुष शामिल हैं। इसके अलावा लगभग एक हजार लोग 26 जून से अब तक घायल हो चुके हैं। बारिश से जुड़ी घटनाओं में सबसे ज्यादा मौतें खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई हैं। यहां बारिश से मकान गिरने या अन्य घटनाओं में 394 लोग मारे गए हैं। इन मृतकों में 59 बच्चे और 43 महिलाएं भी शामिल हैं। इसके बाद पंजाब की बात करें तो यहां भी 164 लोगों की मौत हुई है। सिंध में भी 28 मौतें हो चुकी हैं। बलूचिस्तान में 20 लोग मारे गए हैं। इस तरह खैबर पख्तूनख्वा में भारी बारिश से मरने वालों और घायलों का आंकड़ा सबसे अधिक है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भी बारिश के चलते बड़ी घटनाएं हुई हैं। गिलगित-बाल्टिस्तान में ही 32 लोग मारे गए हैं। यही नहीं खैबर पख्तूनख्वा के बुनेर और शांगला जिलों में तो लगभग 150 लोग लापता भी हैं। इन लोगों के भी मारे जाने का ही डर है। अकेले बुनेर जिले में ही 84 लोग मारे गए हैं। इनमें से 21 लोग तो एक ही परिवार के हैं, जो शादी समारोह के लिए तैयार हो रहे थे और इसी दौरान बादल फटने के चलते मारे गए।



## पहाड़ों पर भारी बारिश से मैदानी राज्यों में बाढ़, आईएमडी ने जारी किया रेड अलर्ट

**नईदिल्ली,18 अगस्त।** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हो रही भारी बारिश से पंजाब, हरियाणा और दिल्ली समेत कई राज्यों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। यमुना का जलस्तर बढऩे से दिल्ली के निचले इलाकों में लोगों को सतर्क किया गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को ताजा निम्न दबाव क्षेत्र के मद्देनजर छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही मुंबई और दिल्ली में भी बादल बरसेंगे। उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश के चलते द्वितीय केदार मद्महेश्वर को जोडऩे वाला पैदल मार्ग बणतोली के समीप 40-मीटर ध्वस्त हो गया। इससे 142 यात्री फंस गए, जिन्हें एसडीआरएफ ने रस्सियों के सहारे निकाला। मौसम विभाग ने प्रदेश के पौड़ी, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और नैनीताल में कहीं-कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश में मानसून थोड़ा कमजोर पड़ेगा, लेकिन कांगड़ा और चंबा जिले में यलो अलर्ट है। प्रदेश में भूस्खलन के कारण 353 सड़कें अवरुद्ध हैं। दिल्ली में रविवार को हुई झमाझम बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव और जाम की वजह से लोगों की परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने 18 अगस्त को भी छिटपुट बारिश का पूर्वानुमान जताया है। एक पश्चिमी विक्षोभ और निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसका प्रभाव दिल्ली एनसीआर पर भी पड़ेगा। मुंबई में 18-19 अगस्त को भारी बारिश का दौर रहेगा। रायगढ़, रत्नागिरी के अलावा पुणे, कोल्हापुर और सतारा के घाट में रेड अलर्ट है।

उत्तर प्रदेश में मानसून का दौर धीरे-धीरे कमजोर पडऩे लगा है, जिससे तापमान बढऩे के साथ गर्मी-उमस सताने लगी है।

## भारतीय मिसाइलों से बचने के लिए ईरान बॉर्डर के पास छिपे थे पाक वॉरशिप

**नई दिल्ली,18 अगस्त।** 6 और 7 मई की रात को भारतीय हमलों ने पाकिस्तान और पीओजेके में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया. इसके बाद नई दिल्ली ने इस्लामाबाद के डीजीएमओ को सूचित किया कि उसका मिशन पूरा हो गया. हालांकि, पाकिस्तान के नेतृत्व ने कड़ी जवाबी कार्रवाई की बात कही. लेकिन इंडिया टुडे के ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस टीम द्वारा विश्लेषित कराची और ग्वादर बंदरगाहों की सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की नौसेना का रुख रक्षात्मक था. संघर्ष के चरम पर, पाक नौसेना के युद्धपोतों को कराची के नौसैनिक गोदाम से हटाकर व्यावसायिक टर्मिनलों पर लाया गया, जैसा कि सैटेलाइट तस्वीरों में दिखाई देता है. इस बीच, अन्य युद्धपोत ग्वादर के पश्चिमी बंदरगाह पर शरण लेते नजर आए, जो ईरान की सीमा से महज 100 किमी दूर है, बजाय इसके कि वे भारत की ओर पूर्व की ओर बढ़ें. शीर्ष सैन्य विशेषज्ञों ने तनाव के दौरान पाकिस्तान नौसेना की तैयारियों पर सवाल उठाए हैं. सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल एस.सी. सुरेश बंगारा, जो दक्षिणी नौसेना कमान के पूर्व कमांडर-इन-चीफ रहे और 1971 में कराची बंदरगाह पर हुए साहसिक हमले में शामिल थे. उन्होंने कहा किचूंकि हमारा आतंकी ढांचे पर 7 मई को हमला हुआ था और पाकिस्तान की तीनों सेनाओं को पूरी तरह सतर्क रहना चाहिए था, फिर भी उनके अग्रिम युद्धपोत बंदरगाह पर दिखना उनकी कम ऑपरेशनल तैयारियों को दर्शाता है. उन्होंने आगे एक पैटर्न की ओर इशारा किया, जिसमें पाक नौसेना के जहाज व्यावसायिक टर्मिनलों पर खड़े होते हैं और ऑपरेशन के दौरान व्यावसायिक विमानों की आड़ लेते हैं. उन्हें व्यावसायिक बंदरगाह क्षेत्र में लाना मिसाइल हमलों से बचने की कोशिश है. उन्होंने कहा कि उनके सैन्य विमानों को व्यावसायिक उड़ानों के पास उड़ाना उनके नागरिक संसाधनों को बलि चढ़ाने की प्रवृत्ति दिखाता है.ऑपरेशन सिंदूर से ठीक छह महीने पहले, पाकिस्तान की नौसेना ने दावा किया था कि उसने एक नया हथियार-'स्वदेशी रूप से विकसित' P282 शिप-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल जोड़ लिया है. इसकी रेंज 350 किलोमीटर बताई गई थी. इसे 'उच्च सटीकता' वाले हमलों का वादा था. इस परीक्षण को एक सैन्य प्रचार वीडियो में दिखाया गया, जिसमें चीनी निर्मित जुल्फिकार-क्लास (F-22P) फ्रिगेट ने मिसाइल दागी थी. लेकिन जब मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, तो स्थिति अलग दिखी. अंतरिक्ष कंपनी मैक्सर टेक्नोलॉजीज से मिली उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली व्यावसायिक तस्वीरों से पता चलता है कि इसके आधे जुल्फिकार-क्लास फ्रिगेट और अन्य युद्धपोत पश्चिम में ग्वादर में खड़े थे, जो ईरान की सीमा से महज 100 किलोमीटर दूर है. चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का गहना कहे जाने वाले ग्वादर बंदरगाह को हाल ही में अस्थायी नौसैनिक शरण स्थल में बदल दिया गया. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि 10 मई तक इसके कंटेनर भंडारण क्षेत्र खाली थे, लेकिन डॉक पर सैन्य जहाजों की भीड़ थी. इसमें दो जुल्फिकार-क्लास फ्रिगेट, दो बड़े तुगरिल-क्लास फ्रिगेट, नौसेना का एकमात्र अमेरिकी निर्मित ओलिवर हेजर्ड पेरी-क्लास फ्रिगेट, और दो समुद्री गश्ती जहाज शामिल थे. सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल बंगारा ने कहा, "ग्वादर, जहां व्यावसायिक गतिविधियां नहीं थीं.



एक नजर

### मैनेजर पर हमला,आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 18 अगस्त।** भिलाई होटल सेंटर प्वाइंट में म्यूजिक सिस्टम की आवाज नहीं बढ़ाने पर होटल मैनेजर के सिर पर बियर की बॉटल मारकर प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि थाना वैशाली नगर पुलिस को सूचना मिला कि सद्भावना चौक के पास चिल्ली पेपर बार के पास होटल सेंटर प्वाइंट में मारपीट हो रही है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल होटल चिल्ली पेपर बार के पास होटल सेंटर प्वाइंट पहुंची होटल सेंटर प्वाइंट के मैनेजर नंदन सिंह को आरोपी विशु साहू ने बियर के बॉटल से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाया पुलिस ने मामले में धारा 296, 115(2), 351(3), 109 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी विशु साहू को तत्काल पकड़ कर थाना वैशाली नगर थाना लाकर पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि होटल चिल्ली पेपर बार में अपने दोस्तों के साथ शराब पीने व खाना खाने गये थे। जहां पर बार कर्मचारी से म्युजिक के साउण्ड को बढ़ाने दो से तीन बार बोलने पर भी साउण्ड को नहीं बढ़ाया गया इस कारण आरोपी विशु साहू ने होटल के मैनेजर नंदन सिंह के सिर पर बियर की बॉटल से प्राण घातक हमला किया। आरोपी विशु साहू निवासी कृष्णा नगर गणेश चौक सुपेला को गिरफ्तार कर लिया है ।

### निवेश के नाम पर 8 लाख की ठगी

**भिलाई, 18 अगस्त।** भिलाई स्मृतिनगर चौकी अंतर्गत एक प्रोफेसर को रकम निवेश पर 20 प्रतिशत लाभांश देने का झांसा देकर 8 लाख 21 हजार रुपए की चपत लगा दी रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि अमित श्रीवास्तव (50 साल) स्मृतिनगर निवासी सड़क नं. 09 रूंगटा कॉलेज आर-1 कुरूद रोड में प्रोफेसर हैं उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 जून को वाट्सअप चैटिंग पर एएमसी कंपनी एनजे ग्रुप में रकम निवेश करने पर अधिक लाभांश का मैसेज आया तब प्रार्थी ने उस ग्रुप पर आये सभी मैसेज को देखा और 30 जून को प्रार्थी के वाट्सअप नम्बर से एचएनआई एकाउंट का प्रमाण पत्र भेजा और प्रार्थी उनके कम्पनी में रकम निवेश करने पर 5 प्रतिशत का लाभांश मिलना बताया। प्रार्थी उनकी बातों में आकर 1 जुलाई को तथा अन्य तारीखों अपने पंजाब नेशनल बैंक स्मृतिनगर के खाता से 8 लाख 21 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया। रकम निवेश करने पर किसी भी प्रकार का लाभांश नहीं दिया तब ठगी का अहसास होने पर पुलिस में शिकायत की है रकम निवेश पर 20 प्रतिशत लाभांश का झांसा।

### नौकरी के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी

**भिलाई, 18 अगस्त।** भिलाई खुर्सीपार थाना अंतर्गत मुंबई निवासी एक व्यक्ति ने खुर्सीपार के युवक को नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर उसके पिता से डेढ़ लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी की है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मो. मैनुद्दीन पिता मो. हनीफ निवासी सड़क - 10 जोन - 3 खुर्सीपार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनका पुत्र शहबाज अहमद बनारस से नेवी का कोर्स किया है वर्तमान में मुम्बई में रहता है पहले वह बिस्मिल्लाह गेस्ट हाउस पता 15 मास्टर बिल्डिंग कन्डेल स्ट्रीट नियर अब्दुल रहमान साह बाबा दरगाह बाबा गाली मुम्बई 9 में किराया पर रूका हुआ था वहां गेस्ट हाउस के मालिक नदीम फेजल उर्फ मो. अनसारी से जान पहचान हो जाने पर माह मई में 2025 में नदीम फेजल ने उनके लड़के को कहा कि उसे नेवी में नौकरी लगवा देगा। 3 लाख रूपए लगने की बात कहते हुए युवक को पिता से बात करने कहा। नदीम फैजल ने अपने मोबाइल से 21 मई को बात करते हुए 3 लाख रुपए की मांग की। उसकी बातों पर भरोसा कर मैनुद्दीन ने डेढ़ लाख रुपए ट्रांसफर कर दिया, लेकिन दिए गए समय सीमा पर नौकरी नहीं लगी तो ठगी का अहसास होने पर मैनुद्दीन ने रुपए वापस करने को कहा, लेकिन वह टालमटोल करता रहा बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस कर रही ।

### रेस्टोरेंट व ढाबा संचालकों की बैठक में दिए अहम निर्देश

**धमतरी, 18 अगस्त ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर में संचालित रेस्टोरेंट एवं ढाबा संचालकों की बैठक बीते दिन सीएसपी श्री अभिषेक चतुर्वेदी एवं एसडीएम श्री पीयूष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं संचालक उपस्थित रहे। यह बैठक जिला एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई।

संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना देने और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देशअधिकारियों ने रेस्टोरेंट एवं ढाबा संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने एवं रात में निर्धारित समय-सीमा का पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही, सीसीटीवी कैमरे लगाने, अग्नि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध रखने एवं अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रोक लगाने की हिदायत दी गई।सीएसपी श्री अभिषेक चतुर्वेदी ने कहा कि यदि आपके ढाबे या रेस्टोरेंट में कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तत्काल निकटतम पुलिस थाने को सूचित करें, साथ ही किसी भी प्रकार के विवाद की जानकारी भी दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर सड़क दुर्घटना में दिवंगत के परिवार को मिली आर्थिक सहायता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,18 अगस्त।** मिनीमाता चौक के पास हाल ही में हुए सड़क दुर्घटना में विजय मलहा की असमय मृत्यु हो गई थी। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर दिवंगत की धर्मपत्नी श्रीमती धाना बाई मलहा को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। शनिवार को विधायक कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू और नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने चेक सौंपा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू, ओंकार साहू , प्रवीण परिहार दीना मल्लाह सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिवार को इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने की बात कही। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने बताया कि उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी गरीब और जरूरतमंद परिवार को संकट की घड़ी में अकेला न छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही राजनीति का उद्देश्य है। संकट की घड़ी में सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है, हर संभव मदद के लिए तत्पर है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता राशि से परिवार को आर्थिक संबल मिलेगा और दिवंगत के बच्चों के भविष्य को संवारने में मदद मिलेगी ।



### सीएम के कार्यक्रम में शामिल होने जामुल के कार्यकर्ता हुए रवाना

**जामुल।** भाजपा जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यक्रम में शामिल होने जामुल मंडल के बीजेपी कार्यकर्ता रवाना हुए। जिसमें प्रमुख रूप से भिलाई जिला उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर, ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री मेघनाथ साहू, शिव वर्मा, रामकिशुन पटेल, श्रीलाल चक्रधारी एवं समस्त कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में शामिल थे।

### गणेश उत्सव को लेकर पुलिस व प्रशासन की संयुक्त बैठक

**धमतरी 18 अगस्त ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आगामी गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से मनाने के उद्देश्य से नगर में पुलिस व प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीएसपी श्री अभिषेक चतुर्वेदी एवं एसडीएम श्री पीयूष तिवारी ने की। बैठक में तहसीलदार श्री सूरज बंछोर, गणेश पंडाल समितियों के पदाधिकारी एवं डीजे साउंड संचालक उपस्थित रहे कानून-व्यवस्था, ध्वनि नियंत्रण और सुरक्षा के दिए निर्देश-अधिकारियों ने आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, साउंड की समय सीमा, ट्रैफिक प्रबंधन, सुरक्षा इंतज़ाम और साफ-सफाई के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।

# 5 कलासाधकों को उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया भुइयां सम्मान



**भिलाई,18 अगस्त।** युवा कुर्मी मित्र मंडल द्वारा भुइयां सम्मान का आयोजन कुर्मी भवन में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल अति विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध कवि एवं गीतकार मीर अली मीर एवं सुप्रसिद्ध लोक नाट्य एवं लोक कलाकार राकेश तिवारी, अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष अजय चंद्राकर तथा विशिष्ट अतिथि संतोष पाटनवार, श्रीमती अनिता वर्मा थे । कार्यक्रम की शुरुआत पूजा अर्चना से की गई। संस्था के अध्यक्ष अजय चंद्राकर ने स्वागत भाषण दिया । भुइयां सम्मान की पत्रिका तथा वैवाहिक पत्रिका मिलन अंक 22 के लिए युवक युवती का परिचय प्रपत्र का विमोचन किया गया । मुख्य अतिथि विजय बघेल ने छत्तीसगढ़ के कलाकारों की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके दशा और दिशा में सुधार पर जोर दिया तथा संस्था के द्वारा कलाकारों का सम्मान एक अच्छा कदम बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। मीर अली मीर ने स्वयं के द्वारा रचित रचना नंदा जाही का रे नंदा जाही का की प्रस्तुति दी । राकेश तिवारी ने अपनी गीत के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया । आयोजन में छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त 5 लोककला साधकों को भुइयां सम्मान से सम्मानित किया गया । जिसमें मदन शर्मा वरिष्ठ ढोलक वादक, श्रीमती रेखा देवार लोक गायिका, श्रीमती प्रभा यादव, प्रसिद्ध पंडवानी गायिका, मिथिलेश शर्मा, कवि एवं गीतकार, श्रीमती छाया चंद्राकर, लोकगायिका । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुति संतोष ढीमर, विनीता ढीमर की टीम के साथ ही छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक गायिका रमा दत्त जोशी बहनें, सुप्रसिद्ध भरथरी गायिका रेखा जलक्षत्री एवं सम्मानित होने वाले कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । संचालन योगेन्द्र वर्मा, डॉ.दुलारी चंद्राकर ने किया । परिचय वाचन श्रीमती मीनाक्षी वर्मा, श्रीमती पूर्णिमा वर्मा, श्रीमती ललिता चंद्रा, श्रीमती सरिता मुरारी चंद्राकर एवं श्रीमती रीना देशमुख ने किया एवं आभार प्रदर्शन बलराम चंद्राकर ने की । इस अवसर पर समाज के विभिन्न पदाधिकारी एवं लोककला एवं साहित्य से जुड़े लोक उपस्थित थे।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में सांसद विजय बघेल ने किया पौधारोपण



**भिलाई-3, चरौदा।** श्री श्री शिव शक्ति दक्षिण पंचमुखी हनुमान मंदिर, बंधवा तालाब शांति नगर के समीप एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष वरुण यादव, खिलावन वर्मा, फिरोज फारुकी, तुलसी धुर्वे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सांसद विजय बघेल जी ने पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और फलदार एवं छायादार पौधों का वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प एक पेड़ माँ के नाम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें प्रकृति और पर्यावरण के संतुलन हेतु वृक्षारोपण को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। सांसद ने कहा कि बंधवा तरिया क्षेत्र से उनका लगभग 25 वर्षों का गहरा संबंध रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# नगर पालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने किया ध्वजारोहण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 18 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय भवन एवम स्वामी करपात्री जी शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल कवर्धा में नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी व भारतमाता प्रतिमा सौंदर्यीकरण स्थल में वरिष्ठ समाजसेवी आत्मानंद गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कवर्धवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा की आज का दिन हम सभी के लिए गर्व और सम्मान का दिन है, क्योंकि इसी दिन हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और त्याग से हमारा भारत आजाद हुआ था। हमारा दायित्व है कि हम उनके सपनों का भारत बनाएं, एक ऐसा भारत जहाँ हर नागरिक सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर हो। हम सभी मिलकर अपने नगर को स्वच्छ, सुंदर, शिक्षित और विकासशील बनाने का संकल्प लें।इस अवसर पर पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू , उपअभियंता राजेश मिश्रा, विरेन्द्र नवघरे एवं अधिकारी, कर्मचारी, व वरिष्ठ नागरिक अधिक संख्या में उपस्थित रहे ।

### दुर्घटना में मृतक के परिजन को दो लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुन्द, 18 अगस्त ।** दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा दुर्घटना में मृतक के परिजन को हुए अपहानि को दृष्टिगत रखते हुए दो लाख रूपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।इनमें बालसी केन्द्रीय विद्यालय के पास सरायपाली में टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में विरेन्द्र नगर सरायपाली निवासी श्री गुरूमुख सिंह सलूजा की मृत्यु हो गई थी। अपहानि के कारण मृतक के विधिक प्रतिनिधि एवं पत्नी रजिन्दर कौर सलूजा को दो लाख रुपये की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### राष्ट्रपति भवन में आयोजित एट होम रिसेप्शन में शामिल हुई बगीचा की सुमन तिर्की

**रायपुर, 18 अगस्त ।** एट होम रिसेप्शन में प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रीगण, विभिन्न क्षेत्रों के प्रख्यात व्यक्तित्व, कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी थे शामिल यह मेरे लिए अविस्मृत करने वाला पल था जब मुझे महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुझे यह पल जीवन भर याद रहेगा कि मुझे माननीय राष्ट्रपति महोदया और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से बात करने का अवसर भी मिला। वार्तालाप के दौरान मैने शासकीय योजनाओं के माध्यम से गांव के विकास और लोगों के जीवन में हो रहे सकारात्मक बदलाव के बारे में बताया। राष्ट्रपति श्री द्रौपदी मुर्मू ने वहां मौजूद सभी का उत्साहवर्धन किया।

# सर्व यादव समाज लोरमी ने जन्माष्टमी महोत्सव मनाया



**लोरमी, 18 अगस्त।** सर्व यादव समाज द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही भव्य एवं दिव्य रूप से मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत मंगलम भवन लोरमी से भव्य शोभायात्रा से हुआ यह शोभायात्रा ढोल, ताशा ,हरि कीर्तन ,धूमाल एवं भारी संख्या में शामिल यादव बंधुओं द्वारा शौर्य प्रदर्शन करते हुएक नगर के विभिन्न स्थलों का भ्रमण करते हुए बसस्टैंड, जनपदपंचायत, महामायामंदिर, राजाबाड़ा,मुंगेली चौक,गुरुद्वारा चौक से वापसी मंगलम भवन पहुंचा जगह-जगह पर पानी पाउच और पानी के पीने की व्यवस्था समाज के वरिष्ठों के द्वारा और आदिवासी समाज के द्वारा किया गया। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष चंद्रपुर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामकुमार यादव थे। शोभायात्रा में विधायक रामकुमार यादव शामिल हुए जिनका भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा का नगर में पुष्प वर्षा शीतल पेय शर्बत आदि से जगह-जगह स्वागत किया गया। और वहां पर उनका आदिवासी नृत्य द्वारा आपका स्वागत किया गया और शोभा यात्रा के साथ चलते हुए । मंचीय कार्यक्रम में अतिथि के आसंदी से बोलते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने उपस्थित जन समुदाय को भगवान के श्री कृष्ण के आदर्शों पर चलने का अनुरोध किया प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी ने यादव समाज का जन जन में स्वीकार्यता को रेखांकित किया संबंध जो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आदरणीय रामकुमार यादव जी विधायक चंद्रपुर ने कहा कि यादव समाज आज संगठितहै अपनी शक्ति को पहचान रहा है और समाज के सभी सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है लेकिन प्रदेश में उनकी स्थिति दूसरे नंबर पर है उनको अभी क्रमशः शिक्षा पर रोजगार और राजनीति सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ना होगा की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ घीनु राम यादव जी चेचानडीह ने किया अपने उद्बोधन में समाज को एक साथ चलने के लिए कहा। मंच का संचालन देवी शंकर यादव एवं आभार प्रदर्शन राम प्रकाश यादव घटोली ने किया। आजकेकार्यक्रम में मुख्य रूप सेबिहारी लाल यादव, झमन राम यादव,चैतराम यादव, जेपी यादव रमाशंकर यादव मोतीराम यादव नरेशराम यादव कंतेली चंद्रशेखर यादव संजय यादव सूरज यादव मुंगेली श्रीमती बिंदुयादव मंजूयादव होरी लाल यादव देवकीनंदन नवाडीह यादव भारत यादव पेडी तालाब कृष्ण यादव जी चेचानडीह कृष्ण रहगी राहुल यादव गोल्डी यादव शिवमयादव बेदी यादव मुकेश यादव योगेंद्र यादव तोरण यादव नोहर यादव कुंदन यादव सतीश यादव जरहा गांव ओपी यादव संजय यादव दशरंगपुर राजेश यादव रीवापार कन्हैया यादव मुंगेली राजेन्द्र यादव, सरोजिया कैलाश यादव हिमांशु यादव लोरमी मुकेश यादव सहित बडी संख्या मे सामाजिक जन उपस्थित रहे।

### महिलाओं के सशक्त होने पर ही राष्ट्र की प्रगति: डॉ.एकता

**महासमुंद 18 अगस्त ।** ग्राम कौवाझर में महिला सशक्तिकरण पर रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों एवं समाज में उनकी स्थिति को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेविका डॉ. एकता लगेह थीं। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि ÷जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं।÷ उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक युग में महिला सशक्तिकरण एक अहम मुद्दा है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि शक्ति का स्वरूप होने के बावजूद महिलाएं आज भी अपेक्षित सम्मान और अवसरों से वंचित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्र की प्रगति तभी संभव है जब महिलाएं स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक रूप से सशक्त हों तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कौवाझार के सरपंच श्री गेंदराम जांगड़े ने की। वहीं, विशेष अतिथि के रूप में जिला सदस्य प्रतिनिधि श्री अमर चंद्राकर और जनपद सदस्य सुश्री अंजलि जगन्नाथ खैरवार उपस्थित रहे।डॉ. एकता लगेह ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया ।

# लोक भाषा का विकास समाज के अंतिम व्यक्ति के न्याय के लिए जरूरी: सत्यजीत




**भिलाई,18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ी समाज द्वारा सिविक सेंटर में आयोजित गुनान गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। समाज के जिला अध्यक्ष मनोज साहू ने संस्था के इतिहास पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार बंछोर ने कहा कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बचाने के लिए शिक्षा को माध्यम बनाना होगा, हमें उन लोगों को सहयोग करना है जिनकी भावना छत्तीसगढ़ी के लिए अच्छी हो। वरिष्ठ साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र और जनगणना पत्रक में अपनी मातृभाषा छत्तीसगढ़ी दर्ज होना चाहिए। वरिष्ठ साहित्यकार पीसी लाल यादव ने कहा कि मातृभाषा की उपयोगिता से मस्तिष्क का विकास होता है। कल्याण महाविद्यालय के प्रोफेसर सुधीर शर्मा ने कहा कि राज्य निर्माण का श्रेय भले ही राजनितिज्ञों ने ले लिया लेकिन वास्तविकता यह है कि छत्तीसगढ़ीया कलाकार और साहित्यकार नहीं होते तो हमें यह छत्तीसगढ़ नहीं मिलता।

### आयुक्त सुमित अग्रवाल ने किया नयापारा और गयानगर का औचक निरीक्षण

**दुर्ग, 18 अगस्त।** नगर पालिक निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सोमवार की सुबह अचानक नया पारा और गया नगर क्षेत्र का दौरा किया। इस औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड 2, 3, 4, 17 और 18 सहित आसपास के क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, नालियों और तालाबों की स्थिति का गहन निरीक्षण किया।शहर की सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं और कचरा प्रबंधन को और मजबूत करना।

सड़क और नालियों की सफाई को दी प्राथमिकता-निरीक्षण में पाया गया कि कई जगह नालियों के किनारे घास उग आई है और गंदगी जमा हो रही है। आयुक्त ने तत्काल सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी गलियों और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कहीं भी पानी रुका नहीं रहना चाहिए क्योंकि यह बीमारियों का कारण बन सकता है।

# स्वतंत्रता दिवस पर नगर निगम में निकाली गई प्रभातफेरी,महापौर ने किया ध्वजारोहण



**भिलाई,18 अगस्त।** नगर निगम भिलाई में महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई पहल की गई। महापौर एवं आयुक्त के मार्गदर्शन में सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर प्रभात फेरी सुपेला चौक से मुख्य कार्यालय झंडारोहण स्थल के लिए निकाली गई। पूरे प्रभात फेरी के दौरान तिरंगे झंडे की जय के साथ भारत माता की जय एवं वंदे मातरम की नारे गूंजते रहे । यह दिवस हमें भारतीय होने के गौरव का विशेष स्मरण कराता है। पंद्रह अगस्त की तारीख, हमारी सामूहिक स्मृति में गहराई से अंकित है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल द्वारा नगर पालिक निगम भिलाई मुख्य कार्यालय परिसर में झंडारोहण किया गया । महापौर द्वारा सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई । महापौर द्वारा आगामी 1 वर्ष हेतु मूल्यांकन पश्चात स्वछतम वार्ड को अपने महापौर निधि से विकास कार्य हेतु 10 लाख रुपए देने का घोषणा किया गया है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा द्वारा स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं के साथ निष्ठा पूर्वक कार्य करने की बात कही गई । आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा भारत के अतीत को याद दिलाते हुए भविष्य में सतर्क रहने हेतु बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान भिलाई स्वच्छता के क्षेत्र में देश में नंबर 1 आने के प्रयास में जुटा है, वर्ष 2024 के स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर पालिका निगम भिलाई में उत्कृष्ट कार्य करते हुए देश में सातवां स्थान प्राप्त किया है । जबकि प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा । ऐसे में स्वच्छता के प्रति आम लोगों से लेकर स्कूल, कॉलेज के बच्चों को जागरूक करने के लिए बड़ी पहल की है । सफाई में श्रेष्ठ काम करने पर श्रेष्ठ वार्ड का अवार्ड वार्ड के जनप्रतिनिधि को दिया गया । इसी प्रकार स्कूल और कॉलेज के बीच भी स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सभी विजेताओं को रिवाल्विंग ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया जो निगम क्षेत्र अंतर्गत निवासरत लोगों के लिए स्वच्छता के क्षेत्र में अनूठा है। रिवाल्विंग ट्रॉफी भिलाई शहर के श्रेष्ठ वार्ड, श्रेष्ठ स्कूल, श्रेष्ठ कॉलेज को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया। यह प्रतियोगिता प्रत्येक दो माह में आयोजित की जाएगी, रिवाल्विंग ट्रॉफी प्रत्येक दो माह में अलग-अलग विजेताओं को दिया जाएगा। ऐसे में यह ट्रॉफी प्रत्येक दो माह में एक से दूसरे विजेता के पास जाती रहेगी। इसी कड़ी में आज प्रथम चरण में स्वतंत्रता दिवस की अवसर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रैंक वाले स्वच्छ वार्ड स्कूल एवं कॉलेज के विजेताओं की घोषणा की गई है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उन्हें रिवाल्विंग ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है । स्वच्छतम वार्ड में वैशाली नगर वार्ड 20 को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। नेहरू नगर वार्ड 17 को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। सेक्टर 8 वार्ड क्रमांक 68 को तृतीय पुरस्कार दिया गया है।

### निधन

**वंदना सिंह**



**भिलाई-3।** शिक्षक नगर नूतन चौक भिलाई-3 निवासी वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह के छोटे भाई मुकेश सिंह उर्फ चुन्नू की धर्मपत्नी श्रीमती वंदना सिंह का 35 वर्ष की उम्र में विगत 17 अगस्त को रायपुर एम्स में दुखद निधन हो गया । उनके निधन पर पत्रकार बिरादरी ने शोक प्रकट किया है।

# रविवि को मिला नैक ए प्लस ग्रेड

## राज्यपाल डेका ने दी शुभकामनाएं



**रायपुर, 18 अगस्त।** राज्यपाल व विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति रमेन डेका ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर को नैक द्वारा ए प्लस ग्रेड प्राप्त होने पर शुभकामनाएं दी है।

राजभवन मे रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदांनद शुक्ला ने राज्यपाल से भेंट कर विश्वविद्यालय को नैक द्वारा ए प्लस ग्रेड प्राप्त होने का पत्र सौंपा।

राज्यपाल ने इसे पूरे प्रदेश के लिए हर्ष का विषय बताते हुए कहा कि राज्य के अन्य शासकीय विश्वविद्यालयों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी और वे गुणवत्ता में सुधार लाकर अति उत्तम ग्रेडिंग प्राप्त करेंगे।

उल्लेखनीय है कि रविशंकर विश्वविद्यालय राज्य का पहला शासकीय विश्वविद्यालय है जिसे सामान्य विश्वविद्यालय की श्रेणी में ए प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है। राज्यपाल डेका ने विगत एक वर्ष में नियमित रूप से शासकीय विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक लेकर उन्हें गुणवत्ता में सुधार लाने और नैक ग्रेडिंग प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया है। उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से रविशंकर विश्वविद्यालयों को यह उपलब्धि हासिल हुई है जिसके लिए विश्वविद्यालय के कुलपति ने राज्यपाल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संचालक प्रोफेसर आर. पी. परगनिहा और कुलसचिव प्रोफेसर अंबर व्यास उपस्थित थे।

# सरकारी जमीन पर बने चर्च पर चला बुलडोजर

## हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता बोले- बीमारी ठीक करने और प्रलोभन देकर कर रहे चंगाई सभा

**बिलासपुर, 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में प्रार्थना सभा के नाम पर चंगाई सभा और धर्मान्तरण पर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर से हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने लोगों की बीमारी ठीक करने और प्रलोभन देकर धर्म बदलने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पास्टर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं अब अवैध रूप से बनाए गए चर्च पर बुलडोजर चला है। सरकारी जमीन पर भवन का निर्माण किया गया था। दरअसल, यह पूरा मामला सकरी थाना क्षेत्र के भरनी का है। जहां पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में अवैध रूप से बनाए भवन को धराशायी किया गया है। शहर में



हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने अभियान छेड़ दिया है। इसके तहत प्रार्थना सभा के बहाने हिंदुओं को बर्गलाने और शहर से लेकर गांव तक चंगाई सभा करने का आरोप लगाकर ऐसे लोगों के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया जा रहा है।

हिंदू संगठन के कार्यकर्ता लगातार घूम-घूम कर शुक्रवार और रविवार को होने वाले प्रार्थना सभा को ही टारगेट कर रहें हैं, जहां हिन्दू वर्ग के लोगों को बुलाया जाता है। उनका आरोप है कि गरीब और ज़रुरतमंद लोगों के साथ बीमारी सहित अन्य तरह से परेशान लोगों को उनकी मदद करने का झांसा देकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। साथ ही उनका ब्रेनवॉश किया जा रहा है।

पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम जोंधरा में रविवार को हिंदू संगठन के लोगों ने धर्मांतरण का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। जब कार्यकर्ता गांव पहुंचे तब वहां एक मकान में भजन कीर्तन कर प्रार्थना सभा चल रही थी, जिसमें कुछ ईसाई समुदाय के लोग थे, बाकी भीड़ स्थानीय और आसपास के ग्रामीणों की थी।

इस दौरान हिंदू संगठन के लोग जय श्रीराम के नारे लगाते हुए हंगामा मचाना शुरू कर दिया।

## एक नजर

### झूलेलाल चौक में झंडावंदन



**रायपुर, 18 अगस्त।** सभापति सूर्यकांत राठौर एवं पार्षद अवतार बगल ने कहा की झूलेलाल चौक का सौंदर्य करण शीघ्र किया जाएगा पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने कहा कि जिस प्रकार प्रयागराज में गंगा एवं जमुना का संगम है उसी प्रकार झूलेलाल चौक नहर पारा में रमन मंदिर वार्ड एवं इंदिरा गांधी वार्ड का संगम है श्री आहूजा ने कहा कि अकबर बादशाह के राज में नव रत्न थे हमारे पास भी दो रत्न है पहला सूर्य कांत राठौर हीरा रत्न है दूसरे अवतार बागल मोती रत्न हैं श्री आहूजा ने नहर पारा सिंधी पंचायत को चौक में भगवान झूलेलाल कि मूर्ति लगाने का भी सुझाव दिया है इस अवसर परपार्षद एवं सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़ जी, श्री अवतार सिंह बागल जी, रमेश आहूजा जी, रज्जन श्रीवास्तव जी, सुरेंद्र सिंह छाबड़ा जी, भावेश पिथालिया जी, मुखी हरनाम सिंह तलरेजा, बलराम पी आहूजा, नथूलाल धनवानी, अमरलाल वलेचा, नरेश संतवानी आशीष आहूजा, डॉ. नवीन खूबचंदानी उपस्थित थे।

### आमापाली में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण



**बसना, 18 अगस्त।** ग्राम पंचायत आमापाली में रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत तालाब और सड़क किनारे, साथ ही पंचायत प्रांगण में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जामुन, आम, आंवला जैसे पौधे लगाए गए। यह अभियान छत्तीसगढ़ राज्य में पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जिसके तहत प्रदेशभर में लाखों पौधे लगाए जा चुके हैं। इसी कड़ी में आज आमापाली पंचायत में भी उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में पंचायत सरपंच श्वेत कुमार सिदार, उपसरपंच संजना संजय सोना, नवीन कुमार साव, राजेश साव, कंचन वैष्णव सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### विधि महाविद्यालय में ध्वजारोहण



**भाटापारा, 18 अगस्त।** गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत प्राचार्य श्रीमती डॉ.रीता दीवान ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात राष्ट्रगान ÷जन गण मन , विद्यार्थियों द्वारा गाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष लक्ष्मीकांत टंडन एवं अन्य सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज की साथ ही वृक्षारोपण भी किया गया स्वतंत्रता दिवस के अवसर में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी वृंद उपस्थित रहे।

### 25 साल बाद भी आदिवासियों के हितों की रक्षा करने में फेल बीजेपी और कांग्रेस : गोपाल साहू

**रायपुर, 18 अगस्त।** आम आदमी पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में बस्तर से लेकर सरगुजा तक पूरे राज्य में धर्मांतरण का मामला गरमाया हुआ है। आजादी के 79 वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रदेश के सुदूर आदिवासी अंचलों में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। वहां के आदिवासी दो वक्त की रोटी, लचर स्वास्थ्य व्यवस्था, अच्छी शिक्षा का अभाव और नक्सलियों द्वारा आदिवासियों पर किये जा रहे अत्याचार की सरकार द्वारा अनदेखी से ईसाई मिशनरियों द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं से प्रभावित होकर मज़बूरी में ईसाई धर्म स्वीकारतें है और ज्यादातर सिर्फचर्च या मिशनरी स्कूल में पढ़ने मात्र से कोई ईसाई नहीं बन जाता, यह भ्रान्ति है कि ऐसा करने वाले आदिवासियों ने धर्म परिवर्तन कर लिया है। वन अधिकार अधिनियम, 2006 के बावजूद कई आदिवासियों को उनके कानूनी हक नहीं मिल पाए हैं।आदिवासी क्षेत्रों में स्कूल और अस्पतालों की भारी कमी है। सरकार जिन आदिवासियों ने ईसाई धर्म अपना लिया है और जो वर्तमान में आदिवासी हैं उन दोनों को सिर्फलड़वाना चाह रही है और अपना राजनीतिक उल्लू सीधा कर रही है। प्रदेश महासचिव (मीडिया, सोशल मीडिया प्रभारी, मुख्य प्रवक्ता) सूरज उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 25 वर्ष बाद भी सभी सरकारों ने आदिवासियों के हितों की अनदेखी की है। उन्हें जल जंगल जमीन से बेदखल कर उनकी जमीनों पर उद्योगपतियों का कब्ज़ा करवाया और कभी भी उनकी आवाज नहीं सुनी गयी।छत्तीसगढ़ में आदिवासियों की जल जंगल जमीन और उनके हितों की रक्षा करने में नाकाम है सरकार।

# वन विभाग के एसडीओ ने पत्रकार से किया दुर्व्यवहार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी, 18 अगस्त।** धमतरी वन मंडल के एक एस.डी.ओ हमेशा कार्यालय से गायब रहता है कर्मचारियों से पूछने पर बताया जाता है कि रायपुर गया है कभी फील्ड गया है या मिटिग में गया है, उक्त अधिकारी को धमतरी वन मंडल में पदस्थ हुए लगभग तीन वर्ष हो गया है लेकिन इस बीच उससे दर्जनों बार विभाग से संबंधित जानकारी लेने मुलाकात करने कार्यालय समय में ऑफिस जाओ तो ऑफिस में हमेशा अनुपस्थित रहता है। कई बार कार्यालय में जाना हुआ है लेकिन अधिकारी कभी भी कार्यालय में मौजूद नहीं मिला, कई बार सरकारी नंबर पर काल किया गया घंटी जाने के बाद भी अधिकारी के द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जाता,इससे वन अपराधों की घटनाओं की जानकारी मीडिया को नहीं हो पाती. परंतु आज कार्यालय में मौजूद थे जहां पर उक्त अधिकारी ने इस पत्रकार से बदसलूकी किया।

**मजदूरों को नहीं मिली है मजदूरी राशि**

नगरी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत वन विभाग के द्वारा कराए गए कार्यो की मजदूरी अब तक मजदूरों को नहीं मिली है ग्रामीण मजदूरों ने बताया कि वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय का चक्कर काट काट कर हम थक चुके हैं लेकिन अभी तक मजदूरी भुगतान नहीं हुआ है।जिस संबंध में इस पत्रकार ने नगरी एसडीओ जितेन्द्र साहू से कार्यालय में जाकर जानना चाहा तो उन्होंने आवेश में आकर पत्र पत्रकार से दुर्व्यवहार करते हुए और कहा कि आप तो डायरेक्ट डीएफओ से बात करते हो तो वही जाकर पूछो मैं आपको कोई जवाब नहीं दूंगा। जब कार्यालय से गायब रहने पर पूछा गया तो अधिकारी आवेश में आकर बदसलूकी करते हुए कहा कि आप कौन हो..? मेरे अधिकारी हो..? बिना इजाजत के मेरे ऑफिस में कैसे आए..? कहते हुए पत्रकार से दुर्व्यवहार किया गया।

# प्रतापपुर जनपद सीईओ को हटाने की मांग

## अध्यक्ष और सरपंचों ने खोला मोर्चा,दिया धरना



**सूरजपुर, 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में सीईओ के कार्यशैली से नाराज होकर जनपद पंचयात की अध्यक्ष और ब्लॉक भर के सरपंच धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सरपंचों ने इस संबंध में कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और सरगुजा संभाग आयुक्त से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की है। यह मामला प्रतापपुर जनपद का है।

मिली जानकारी के अनुसार, प्रदर्शनकारी नए सीईओ जय गोविंद गुप्ता के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। जनपद पंचायत की अध्यक्ष सहित ब्लॉक भर के सरपंच धरने पर बैठे हैं। बता दें यह प्रदर्शन जनपद कार्यालय के गेट के बाहर दिया जा रहा है। कई बार कलेक्टर और शासन स्तर पर शिकायत कर चुके थे। पदग्रहण के बाद धरना प्रदर्शन कर हटाने की बात कर रहे हैं।

इससे पहले भी सरपंच संघ के अध्यक्ष और कई सरपंच जिला पंचायत सदस्य के साथ वर्तमान जनपद सीईओ निपेंद्र सिंह को हटाने की मांग कर रहे थे। अब यह पूरा मामला भाजपा और कांग्रेस की लड़ाई बन गई है। यह मामला प्रतापपुर जनपद का है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर डॉ. निपेंद्र सिंह को पद से नहीं हटाया गया, तो सर्व आदिवासी समाज सूरजपुर जनपद कार्यालय का घेराव करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। बता दें कि सीईओ पर अभद्रता के आरोप लगाए गए हैं, जिससे क्षेत्र में आक्रोश है।

# पद्मश्री डॉ. बुधेन्द्र कुमार जैन एम्स रायपुर के अध्यक्ष बने



**रायपुर, 18 अगस्त।** पद्मश्री डॉ. बुधेन्द्र कुमार जैन को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) रायपुर का अध्यक्ष बनाया गया है। वे वर्तमान में सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड, चित्रकूट के नेत्र चिकित्सालय के निदेशक हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यह नियुक्ति की है। जानकीकुंड चिकित्सालय से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. जैन को इस वर्ष उनके पांच दशकों के नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया जा चुका है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी की पुण्यतिथि पर स्वागत द्वार का किया भूमिपूजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 18 अगस्त।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गौरव पथ चौखड़िया पारा राजनांदगांव में पूर्व मंत्री स्वर्गीय श्री लीलाराम भोजवानी की पुण्यतिथि पर 20 लाख रूपए की लागत के स्वागत द्वार का भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्वर्गीय श्री लीलाराम भोजवानी के राजनीतिक जीवन को याद करते हुए कहा कि वे बहुत ही सरल, सहज और हमेशा



उपलब्ध रहने वाले व्यक्ति थे। स्वर्गीय श्री लीलाराम भोजवानी की पार्षद से लेकर मंत्री और प्रदेश के अलग-अलग दायित्वों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने बताया कि उन्होंने श्रम विभाग मंत्री का कार्य पूरे छत्तीसगढ़ एवं राजनांदगांव में पूरी मजबूती से किया। उनके कार्य करने की पद्धति, तरीका और व्यवहार को कभी भूला नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि उनकी स्मृति में स्थायी स्वागत द्वार बनेगा, जो उनके परिश्रम और मेहनत की हमेशा याद दिलाता रहेगा। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, महापौर श्री मधुसूदन यादव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल श्री नीलू शर्मा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल श्री योगेश दत्त मिश्रा, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, पूर्व विधायक श्री रामजी भारती, समाजसेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री खूबचंद पारख, श्री संतोष अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित थे।

# श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है : विजय शर्मा

**कवर्धा, 18 अगस्त।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा अपने कवर्धा प्रवास के दौरान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कवर्धा के ऐतिहासिक राधाकृष्ण बड़े मंदिर पहुँचे।

उन्होंने जन्मोत्सव के भव्य आयोजन में शामिल होकर भगवान श्री राधा-कृष्ण के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

श्री शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं जिलेवासियों को जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी लोगों से समाज में एकता, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने की अपील की।

कबीरधाम जिले का यह बड़ा मंदिर श्री राधाकृष्ण मंदिर के नाम से विख्यात है। हर वर्ष यहाँ ऐतिहासिक रूप से जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन होता है, जिसमें जिले के अलावा दूरदराज़ क्षेत्रों से भी हजारों श्रद्धालु श्रद्धाभाव से शामिल होकर भगवान के जयकारे लगाते हैं। मंदिर प्रांगण इस अवसर पर रोशनी, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की भीड़ से गूंज उठा।

जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के बाद श्री शर्मा ग्राम भालूचुवा भी पहुँचे, जहाँ उन्होंने स्थानीय मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और वहाँ के श्रद्धालुओं को जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ दीं। इसके अलावा उन्होंने श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। उपमुख्यंत्री के साथ कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्र प्रकाश चन्द्रवंशी सहित पार्षद एवं जनप्रतिनिधि भी इन आयोजनों में शामिल हुए।

# चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर नगर के डॉ.पुरुषोत्तम बने अध्यक्ष



**रायपुर, 18 अगस्त।** चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर नगर उपक्षेत्र रायपुर राज का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर उपाध्यक्ष श्री हरि शंकर चंद्राकर सचिव श्रीमती किरण चंद्राकर कोषाध्यक्ष श्री अनिल चंद्राकर न्याय कमेटी श्री लीलाधर चंद्राकर ट्रस्ट कमेटी श्री केदार प्रसाद चंद्राकर शिक्षण समिति श्री प्रमोद चंद्राकर संगठन मंत्री श्रीमती जागेश्वरी चंद्राकर महिला सदस्य श्रीमती मनीषा चंद्राकर डॉ. सरोज चंद्राकर महिला अध्यक्ष श्रीमती योगिता चंद्राकर युवा अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र चंद्राकर को चुने गए। चुनाव प्रभारी श्री प्रभात चंद्राकर, एवं खुमेश चंद्राकर रहे कार्यक्रम में सभी स्वजाति भाई बहन की उपस्थिति रही। छात्रावास अधीक्षक होमोकांत चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा।

# ब्राउन शुगर और चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली, 18 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में चल रहे 'ऑपरेशन बाज' के तहत मुंगेली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की है। थाना जरहागांव क्षेत्र में पुलिस टीम ने ब्राउन शुगर और चरस के साथ एक आरोपी और एक अपचारी बालक को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 4.03 ग्राम ब्राउन शुगर (कीमत 8,000), 20.18 ग्राम चरस (कीमत 40,000), दो मोबाइल फोन (कीमत 1.10 लाख) और एक



मोटरसाइकिल (कीमत 50,000) जब्त की। जप्त सामान की कुल कीमत लगभग 2.80 लाख आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिवी उर्फ बाबू पाठक (24), निवासी रामगोपाल वार्ड मुंगेली के रूप में हुई है, जबकि उसके साथ एक नाबालिग भी शामिल था। दोनों के खिलाफथाना जरहागांव में हृष्ठक्क एक्ट की धारा 21, 22 के तहत मामला दर्ज किया गया और न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्रवाई नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत की गई। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नशे की तस्करी या अवैध बिक्री से संबंधित किसी भी जानकारी को तुरंत पुलिस तक पहुँचाएँ। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# गणेश्वर आजाद गंवईंहा की आरुग बस्तर किताब का विमोचन

**रायपुर, 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ राजभाषा स्थापना दिवस 14 अगस्त 2025 दिन गुरुवार को न्यू सर्किट हाउस सिविल लाईन रायपुर में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें माननीय मुख्य अतिथि महोदय सम्माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल जी लोकसभा सांसद रायपुर,माननीय श्री सुनील सोनी जी विधायक रायपुर दक्षिण, माननीय श्री अनूज शर्मा जी विधायक धरसीवां, माननीय श्री मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण,माननीय श्री पुरंदर मिश्रा जी विधायक रायपुर उत्तर विधानसभा, माननीय श्री गुरु खुशवंत साहेब जी विधायक आरंग,माननीय श्री डॉ रोहित




यादव जी सचिव संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन, माननीय श्री विवेक आचार्य जी संचालक संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन,माननीय डॉ अभिलाषा बेहार जी सचिव संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन,माननीय श्री सुषमा गौराहा जी अनुवादक संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन,माननीय श्री आदर्श दुबे जी के कर कमलों से बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री गणेश्वर आजाद गॅवईंहा जी की तीसरी कृति आरुग बस्तर एवं दस अन्य कृतियों का विमोचन हुआ।

यह छत्तीसगढ़ राज्य की अलौकिक संस्कृति सभ्यता से सुसज्जित बस्तर प्रकृति की अनुपम कृति लिए जिसमें संपूर्ण बस्तर दर्शन हैं जिसमें बस्तर की विभिन्न कलाकृति संस्कृति एवं नानम प्रकार की दुर्लभ उत्पादन होने वाली वस्तुएं बस्तर की माटी में अपनी प्राणों की आहुति देने वाले छत्तीसगढ़ के महान सपूतों का वर्णन किया गया है।

# गृहस्थ जीवन पाप नहीं, पुण्य कमाने का प्लेटफार्म : मनीष सागरजी महाराज

**रायपुर, 18 अगस्त।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में रविवार को विशेष प्रवचनमाला में उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने परिवार को आदर्श परिवार बनाने की सीख दी। परिवार से परमात्मा तक विषय पर प्रवचन देते हुए उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हमारा लक्ष्य हो कि परिवार के सभी सदस्यों को धर्म का महत्व समझ आना चाहिए। हमें धर्म किसी पर थोपना नहीं है। परिवार के सभी सदस्यों को धर्म का महत्व समझाते रहना है। ऐसा करके ही सभी को धर्म का महत्व समझ में आएगा। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि अपनी आत्मा से प्रेम करो। चिंतन करो कि इस आत्मा का क्या होगा। गृहस्थ जीवन पाप करने के लिए नहीं मिला है। पुण्य कमाने के लिए मिला है। गृहस्थ जीवन के प्लेटफार्म में नहीं



आते तो व्याभिचारी जीव होते। जगह-जगह विकार वासना करते रहते। गृहस्थ जीवन में हर जगह सावधान रहना चाहिए। बच्चों को यदि बेहतर बनाना है तो आपको अधिक बेहतर बनना होगा। आपको देखकर ही बच्चे आगे बढ़ेंगे। पहले अपने आप को सुधारिए, परिवार के लोग अपने आप सुधर जाएंगे। हमें अनावश्यक चीजों से बचाना है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि वर्तमान में परिवार की स्थितियां विकट है। कलह, क्लेष, अशांति, अनैतिकताएं, खान-पान रहन-सहन बिगड़ गया है। परिवार को यदि अच्छा बनाना है तो वर्तमान दशा को भूल जाइए। भविष्य में परिवार की दशा कैसी होनी चाहिए, आदर्श रूपरेखा बनाएं। क्रियात्मक साधना अर्थात व्यवहार कैसा होना चाहिए। परिवार में नियम रहे कि सूर्योदय के पूर्व सभी उठे। ईश्वर का ध्यान करें। सभी छोटे-बड़े घर के मंदिर कक्ष में उपस्थित होकर परमात्मा की भक्ति करें। छोटे अपने बड़ों का चरण स्पर्श करें। हमारी प्राचीन संस्कृति ही यही है। नियम होगा तभी समर्पण होगा। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि नियम हमारे लिए ताकत है। नियम हमारे लिए संकल्प और समर्पण बल को मजबूत करता है। जिसके जीवन में नियम नहीं है वह स्वच्छंद है। परमात्मा के साथ साथ हमें गुरु के पास भी जाना चाहिए।

## संपादकीय

### एनडीए उपराष्ट्रपति प्रत्याशी राधाकृष्णन

एनडीए से उपराष्ट्रपति पद के लिए प्रत्याशी कौन होगा,इसे लेकर पिछले कई दिनों से अटकलों का बाजार गर्म था। कोई कह रहा था कि बिहार से किसी को बनाया जाएगा,कोई कह रहा था,राजनाथ सिंह को बनाया जाएगा, जितने मुंह उतने नाम लिए जा रहे थे। हमेशा की तरह पीएम मोदी ने फिर देश को उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के लिए महाराष्ट्र के राज्यपाल को चुनकर चौंका दिया। हमेशा यही होता है कि लोग अनुमान लगाते रह जाते हैं लेकिन कोई सही नाम नहीं बता पाता है कि पीएम मोदी किसे चुनेंगे। हमेशा यही होता है कि जिन लोगों का नाम लिया जाता है,प्रत्याशी उनमें से नहीं चुना जाता है।राधाकृष्णन आरएसएस से जुड़े रहे हैं। माना जा रहा है कि गैर भाजपा व गैर आरएसएस नेताओं को चुने जाने की गलती से सबक लिया गया है और इस बार आरएसएस से जुड़े रहे नेता को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाया गया है। 67 साल सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु के हैं। वह 16 साल की उमर में आरएसएस से जुड़ गए थे। बताया जाता है कि वह 1947 में जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने,1996 में भाजपा तमिलनाडु के सचिव बने,1998 में पहली बार कोयंबटूर से सांसद चुने गए, 1999 में फिर से सांसद चुने गए इसके बाद वह तीन चुनाव हारे। वर्तमान में वह महाराष्ट्र के राज्यपाल है, इससे पहले झारखंड व तेलंगाना के राज्यपाल रहे। 2004 से 07 तक तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष रहे, नदियां जोड़ने,समान नागरिक संहिता के लिए 93 दिन में 19000 किमी की यात्रा की।वह ओबीसी समुदाय के नेता हैं, उन्हें लोग तमिलनाडु का मोदी भी कहते हैं। बताया जाता है कि उन्होंने अपने 40 साल के कैरियर में सियासी मुद्दों पर बयान देने से बचते रहे हैं। ऐसे नेता को भाजपा में खास पसंद किया जाता है। जो चुप रहता है और अपना काम करता है।लोकसभा व राज्यसभा में भाजपा के पास पर्याप्त मत है, इसलिए राधाकृष्णन की जीत में कोई संदेह नहीं है। जीत के बाद खासकर कांग्रेस को यह बात बहुत बुरी लगेगी कि खांटी आरएसएस वाले को भाजपा ने इस बार राज्यसभा का उपसभापति बना दिया और उनके कहने पर कांग्रेस वालों को चलना पड़ेगा। ज्ञात हो कि कांग्रेस आएसएस से बहुत चिढ़ती है।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपको कोई पुरस्कार मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा, जिसे लेकर आपको लंबे समय से टेंशन बनी हुई थी। संतान के मन में चल रही उलझनों को दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको तेज गति के वाहनों के प्रयोग से थोड़ा सावधान रहना होगा। किसी समस्या को आप बढ़ने से रोकने की पूरी कोशिश करें।

वृषभ आज का दिन आपके लिए आय में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके धन आगमन के रास्ते खोलेंगे, जो आपको खुशी देंगे और आपको अपने कामों को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आप यदि किसी से कोई बात बोले, तो बहुत ही सोच समझकर बोले, नहीं तो उन्हें आपकी बात बुरी लग सकती है। आपका कोई पुराना प्यार वापस आ सकता है, जिससे आपके रिश्तों में कोई कड़वाहट खड़ी हो सकती है।

मिथुन आज आप अपने मीठे स्वभाव से लोगों को अपनी ओर आकर्षण करने में कामयाब रहेंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों की उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी। आपके बॉस आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपको कोई चोट-चपेट आदि लग सकती है, इसलिए आपको थोड़ा एतियात बरतनी होगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह को लेकर आप अपने किसी परिजन से बातचीत कर सकते हैं। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं।

कर्क आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी, लेकिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों को भावनाओं में बेहतर कोई काम करने से बचना होगा। आप अपने पर्सनालिटी पर पूरा ध्यान देंगे, जिसके लिए आप खर्चा भी करेंगे। आपका कोई पारिवारिक मुद्दा आपको टेंशन दे सकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपके रिश्ते में एक नयापन आएगा। आपको शेयर मार्केट आदि में इन्वेस्टमेंट थोड़ा सोच समझकर करना होगा, इसलिए कोई जोखिम न लें।

सिंह आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपके मन में प्रेम व सहयोग की भावना बनी रहेगी। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा और आपके सहयोगी भी आपके कामो में पूरा साथ देंगे। आप परिवार के सदस्यों को लेकर कहीं पिकनिक आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है। आपको अपनी क्रिएटिविटी से लोगों को हैरान करेंगे।

कन्या आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने खर्चों को भी थोड़ा कंट्रोल करके चलना होगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आप अपने आस पड़ोस में किसी बात विवाद में ना उलझें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपका कोई कानूनी मामला यदि आपको समस्या दे रहा था, तो उसमें आपको विजय प्राप्त होगी और बॉस को आपके दिए गए सुझाव खूब पसंद आएंगे, जिससे आपकी वाहवाही होगी।

तुला आज आपको अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाए रखना होगा। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आप धार्मिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। किसी कानूनी मामले को लेकर आपको कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं। आपकी सेहत को लेकर भी आप थोड़ा सतर्क रहें, क्योंकि आपकी छोटी-छोटी समस्याएं जो लंबे समय से चली आ रही थी, वह बढ़ सकती है।

वृश्चिकआज आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। यदि आपको किसी काम को लेकर कोई संशय चल रहा है, तो आप किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत अवश्य करें। जीवनसाथी के साथ आप छोटी-छोटी बातों पर ना झगड़ा करेंगे, इससे आपके आपसी रिश्ते में कड़वाहट उत्पन्न होगी। आपकी माताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं। यदि ऐसा हो, तो आप उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करें। आपको सामाजिक सम्मान मिलने से खुशी होगी।

धनु आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों की स्थिति पहले से बेहतर रहेगी, उनके बॉस का पूरा समर्थन मिलेगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा और किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपका बिजनेस में भी रुकी हुई योजनाएं बेहतर लाभ देगी। आपको अपनी सेहत को लेकर थोड़ा एतियात बरतनी होगी। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है।

मकर आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने शत्रुओं को भी आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे। आप अपने व्यवहार से लोगों का दिल जीतेंगे, जिससे आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा। राजनीति मे कार्यरत लोगों को किसी नए पद के मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचे, नहीं तो आने वाले समय में आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

कुंभ आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपने जीवनसाथी को लेकर कहीं घूमाने-फिराने जा सकते हैं। आप दोनों के बीच प्रेम और गहरा होगा। आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करें और परिवार में वरिष्ठ सदस्य यदि आपको काम को लेकर कोई सलाह दे, तो उस पर अमल अवश्य करें। नौकरी को लेकर यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें।

मीन आज का दिन आपके लिए किसी नए मकान दुकान आदि की खरीदारी के लिए बेहतर रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपकी सुख-सुविधाओं में भी वृद्धि होगी। आपको रुका हुआ धन आपको मिलने से आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी, जिससे आप खुल खर्च करेंगे, लेकिन आप बाहर के खाने पीने पर ज्यादा ध्यान देंगे, जो आपकी पेट संबंधित समस्याओं को बढ़ा सकती है।

# ताकि किश्तवाड़ और धराली जैसी आपदाओं से बचा जा सके !

सुनील कुमार महला



दिन-ब-दिन प्रकृति मानव को अपना रौद्र रूप दिखा रही है। भूस्खलन हो, भू-धंसाव हो, बाढ़ हो(अतिवृष्टि), बादल फटना हो, अनावृष्टि हो(सूखा), भूकंप हो या सुनामी सब कहीं न कहीं, कोई माने या नहीं मानें, प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से मानवीय गतिविधियों से ही जुड़े हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि बादल फटने की घटनाएँ अब केवल प्राकृतिक आपदाएँ भर नहीं रहीं, बल्कि इनमें मानवीय लापरवाहियों और अवैज्ञानिक विकास कार्यों की भी बड़ी भूमिका है।सच तो यह है कि ऐसी घटनाएं मानव जनित संकट हैं। आज के समय में जलवायु परिवर्तन से अत्यधिक वर्षा की घटनाएँ बढ़ी हैं। पहाड़ी ढलानों पर अचानक अत्यधिक पानी गिरने से वहां की मिट्टी ढीली हो जाती है और लैंडस्लाइड, फ्लैश फ्लड का खतरा बढ़ जाता है। मानवीय गतिविधियों या कारणों की बात करें, तो कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के समय में अनियंत्रित निर्माण कार्य प्राकृतिक आपदाएं जन्म ले रहीं हैं। आज नदियों और ढलानों पर घर, होटल, सड़कें बनाने से जलधाराओं के प्राकृतिक मार्ग मानव ने बाधित कर दिए हैं। सच तो यह है कि मानव हद से ज्यादा स्वार्थी और लालची होता चला जा रहा है।वृक्षों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है और जंगलों के घटने से पानी रोकने की क्षमता खत्म हो गई है। पर्यटन का दबाव भी है। हर साल लाखों की संख्या में आने वाले तीर्थयात्री और पर्यटक स्थानीय पारिस्थितिकी पर बोझ( वायु प्रदूषण, मिट्टी प्रदूषण, जल प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण) डालते हैं। यह बहुत ही दुखद है कि आज संवेदनशील क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन की ईमानदारी और पूर्ण इच्छाशक्ति के पूर्व तैयारियां नहीं की जातीं। अक्सर यह देखा गया है कि विभिन्न तीर्थयात्राओं व मेलों के दौरान भीड़ नियंत्रित करने और सुरक्षित मार्ग बनाने की अनदेखी होती है। आज सड़कें, घर और होटल और विभिन्न निर्माण कार्य बिना भू-वैज्ञानिक अध्ययन किए ही निर्माण कर लिए जाते हैं। प्राकृतिक संसाधनों का अतिक्रमण किया जाता है। ग्रीन टूरिज्म की ओर हमारा ध्यान कम ही होता है और इसका परिणाम हमें भुगतना पड़ता है। हाल ही में हमने देखा कि उत्तरकाशी के धराली में जान-माल को बहुत क्षति पहुंची। हमने देखा कि धराली में बीते पांच अगस्त को खीरगंगा से आई बाढ़ ने मिनटों में बाज़ार, होटल और घर बहा दिए।कई लोग असमय काल के ग्रास बन गए।आंकड़े बताते हैं कि (विभिन्न सरकारी एजेंसियों के प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक) धराली क्षेत्र में 500 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। धराली में बादल फटने से हुई तबाही से लोग अभी उबरे भी नहीं थे कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चशोती-पड्डर(नियंत्रण रेखा के पास स्थित गांव) में भी ठीक वैसा ही हादसा हो गया। बादल फटने से आई बाढ़ ने तबाही मचा दी। अचानक आए सैलाब में साठ से ज्यादा लोगों की जान चली गई, और सैकड़ों लोग लापता हो गए। जानकारी के अनुसार यह बादल चशोती में फटा, जो मचैल माता मंदिर के मार्ग पर स्थित है। यह आखिरी गांव है, जहां किसी गाड़ी से पहुंचा जा सकता है। खबरों में आया है कि हादसे के समय मचैल माता की यात्रा चल रही थी, जिसकी वजह से यहां पर हजारों श्रद्धालु मौजूद थे। घटना के बाद मंदिर की वार्षिक यात्रा को स्थगित कर दिया गया और रेस्क्यू अभियान चलाए गए। वास्तव में उत्तरकाशी और किश्तवाड़ दोनों में हुई प्राकृतिक आपदाएं मानव के लिए एक बड़ा सबक है।चशोती गांव गांव पड्डर घाटी में पड़ता है और यहां अठारह सौ से लेकर करीब चार हजार मीटर तक ऊंचे पहाड़ हैं। जब भी यहां बारिश होती है तो पानी पहाड़ों से होते हुए बहुत ही तीव्र गति से नीचे आता है। स्थानीय प्रशासन को इस बात की जानकारी भी है, लेकिन बावजूद इसके जिला प्रशासन द्वारा आपदा बचाव की तैयारियां नहीं की गईं ,यह वास्तव में बहुत ही दुखद है। इन दिनों पूरे भारत में जोरदार बारिश हो रही है। आपदा प्रबंधन विभाग व प्रशासन को बारिश व किसी भी आपदा के लिए पूर्व में ही माकूल इंतजाम करने चाहिए और सदैव तैयार रहना चाहिए। हालांकि, यह भी नहीं है कि आपदा प्रबंधन विभाग, स्थानीय प्रशासन और सरकारें आपदाओं को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठातीं हैं, लेकिन समय रहते यदि पूर्ण ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, सजगता और सतर्कता बरतकर निर्णय ले लिए जाएं तो बहुत हद तक जान-माल का नुकसान कम तो किया ही जा सकता है लेकिन सभी तभी चेतते हैं,जब ऐसे हादसे घटित हो जाते हैं,यह बहुत ही दुखद है। गौरतलब है कि साढ़े नौ हजार फुट ऊंचाई पर स्थित मचैल माता मंदिर जाने के लिए हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग आते हैं। यहां यक्ष प्रश्न यह उठता है कि स्थानीय प्रशासन ने यहां लंगर और दुकानें लगाने की अनुमति आखिर क्यों दी, यह जानते हुए भी कि जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटनाएं हर वर्ष बढ़ रही हैं।इधर, हिमाचल प्रदेश में आफत की बारिश थम नहीं रही है। राज्य के कुल्लू जिले में दो अलग-अलग जगह से बादल फटने की खबरें आईं हैं। जानकारी के अनुसार कुल्लू के बंजार और आनी निरमंड सब डिवीजन के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में ये घटनाएं हुई हैं।बादल फटने से तीर्थन घाटी और आसपास के कई निचले ग्रामीण इलाकों में पानी और मलबा भर गया। हालांकि, प्रशासन ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई गांवों को खाली करा लिया, लेकिन पहाड़ी इलाकों विशेषकर उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में इस तरह की घटनाओं से अब सजग होने और इससे निपटने की जरूरत है।यह बात ठीक है कि कुदरत के कहर जैसे कि बाढ़, भूकंप, बादल फटना, भूस्खलन, जंगल की आग, सूखा आदि को पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, लेकिन इंसान सतर्कता, तैयारी और सही जीवनशैली से इसका असर ज़रूर कम कर सकता है। वास्तव में कुदरत अगर अपना क्रोध प्रकट कर रही है, तो इसे समझने और चेतने का समय है। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि कुदरत के कहर से बचना केवल सरकार की नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है। अगर हम पर्यावरण का सम्मान करें और सावधानी और सतर्कता अपनाएँ, तो बड़े हादसों को काफी हद तक टाला जा सकता है।



# सशक्तिकरण? खबरदार! अब संगीन अपराधों को अंजाम दे रहीं हैं महिलाएं

मनोज कुमार अग्रवाल



देश भर में महिलाओं की अपराध में भागीदारी बढ़ रही है सोनम और मुस्कान ही नहीं हजारों महिलाओं ने शातिर अपराधियों की तर्ज पर अपराध को अंजाम दिया है।कोई समय था जब अपराध की दुनिया में पुरुषों का ही बोलबाला रहता था, लेकिन अब महिलाएं यहां पर भी पुरुषों से पीछे नहीं रहीं। बीते पांच साल में अपराध की काली दुनिया में महिलाओं की गिनती तीन गुणा बढ़ी है। नशा तस्करी हूमन ट्रेफिकिंग बच्चा चोरी साइबर क्राइम लूटपाट मर्डर से लेकर लगभग सभी अपराधों को इन दिनों महिलाएं पुरुषों की तरह अंजाम दे रहीं हैं। कई मैट्रो शहरों में चैन स्नैचिंग डकैती लूट जैसे दुस्साहसी अपराधों में सीधे तौर पर अथवा पुरुष साथी के सहयोगी के तौर पर भागीदारी निश्चित तौर पर भारतीय समाज को चोकाने वाली है।

आपको बता दें कि देश की राजधानी होने के नाते दिल्ली के शेष देश की अपेक्षा अधिक सुरक्षित होने की उम्मीद की जाती है परन्तु वास्तविकता इसके विपरीत ही है।एक ताजा रिपोर्ट बताती है कि इस समय राजधानी दिल्ली के अपराध जगत में पुरुषों के साथ-साथ महिला अपराधी भी समान रूप से सक्रिय हो गई हैं। कमोबेश यही हालात देश के दूसरे शहरों में भी तेजी से पैदा हो रहे हैं।

इसका ताजा उदाहरण 17 अप्रैल को मिला जब 3 नई दिल्ली के एक इलाके में नाबालिगों ने कुणाल नामक किशोर को सरेआम चाकुओं से बींध डाला और निकट ही खड़ी 'सीलमपुर की लेडी डॉन' के नाम से कुख्यात 'जिक्रा खान' इस घटना को चुपचाप देखती रही। वह पहले गैंगस्टर 'हाशिम बाबा', जो इस समय जेल में है, की पत्नी की बाऊंसर थी पर बाद में उसने अपना गिरोह बना लिया। नाबालिग लड़कों को भर्ती करके उन्हें हत्या करने की ट्रेनिंग देने में माहिर 'जिक्रा खान' की 'कुणाल' की हत्या में संलिप्तता ने उसे दिल्ली की सबसे खतरनाक औरतों में शामिल कर दिया है।

'जिक्रा खान' जैसी महिलाएं हाशिए से उठ कर आज दिल्ली के अंडर वर्ल्ड की अगली पंक्ति में आ खड़ी हुई हैं जो करोड़ों रुपयों का नशे का व्यापार करने के साथ-साथ लोगों की हत्या और महिलाओं तथा बच्चों की तस्करी में शामिल पाई जा रही हैं।

एक अध्ययन में बताया गया है कि ये अपराधी महिलाएं क्रूरता बरतने के मामले में पुरुष अपराधियों से कम नहीं हैं। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, सत्ता में आने के इनके तरीके भी अलग-अलग हैं। कुछ महिलाएं गरीबी से निकल कर अपराध की दुनिया में आईं जबकि कुछ अन्य महिलाओं ने पुरुष गैंगस्टरों के साथ जाने को प्राथमिकता दी और उनके जेल चले जाने पर उनका धंधा संभाल लिया। ये गैंगस्टर महिलाएं लोगों के सामने आम औरतों की तरह अपनी 'बेचारी' या 'कमजोर' वाली छवि का इस्तेमाल कर भीड़ में लुप्त हो जाती हैं। दिल्ली में बॉस महिला अपराधियों की सूची लगातार बढ़ रही है।

इनमें सबसे बड़ा नाम 'सोनू पंजाबन' उर्फ गीता अरोड़ा का है जो अपने पति की मौत के बाद जी.बी. रोड में देह व्यापार के धंधे की निर्विवाद सरगना बन गई। पुलिस के अनुसार वह माडर्न ग्राहकों को प्रभावित करने के लिए इस धंधे से जुड़ी लड़कियों को थोड़ी-बहुत अंग्रेजी सिखाने के साथ-साथ माडर्न लुक देती थी। वर्ष 2011 में उसे 'मकोका' के तहत गिरफ्तार किया गया था।

'सोनू पंजाबन' का पहला गैंगस्टर पति 2004 में तथा दूसरा पति 2006 में मारा गया। 'पोक्सो' तथा मानव तस्करी के कानून के अंतर्गत पकड़ी जाने से पहले 'सोनू पंजाबन' का वेश्यावृत्ति गिरोह हाई प्रोफाइल ग्राहकों को नाबालिग लड़कियों की सप्लाई किया करता था। महिला अपराधियों में एक नाम 'जोया खान' का है, जिसने 2019 में अपने पति 'हाशिम बाबा' के जेल चले जाने के बाद उसके गिरोह को चलाने की जिम्मेदारी संभाली और हाल ही में 1 करोड़ रुपए मूल्य की 225 ग्राम हैरोइन के साथ गिरफ्तार किए जाने तक उसने यह धंधा चालू रखा। कुछ महिला गैंगस्टर तो अपने-अपने इलाकों में इतनी प्रसिद्ध हो गई हैं कि शरारती बच्चों के माता-पिता उन्हें डराने के लिए इन 'लेडी डॉन' के नाम का इस्तेमाल तक करने लगे हैं। प्रतिद्वंद्वी गिरोह इनसे डरते हैं।

दिल्ली के सबसे बड़े आपराधिक परिवारों में एक नाम 8 बच्चों की मां 'बशीरन' और उसके परिवार का है, जिस पर 100 से अधिक मामले दर्ज हैं। अपराध की दुनिया में वह 'गॉडमदर' के नाम से जानी जाती है।

महिला अपराधियों में एक नाम मोबाइल फोन और महिलाओं से चेन झपट कर फरार हो जाने वाली बाइक सवार झपटमार रमाप्रीत का भी है। एक अन्य महिला अपराधी 'सायरा बेगम' ने जी.बी. रोड के कोठे में सैक्स वर्कर के रूप में काम शुरू किया था बताया जाता है कि लेकिन कुछ वर्षों बाद उसने यह कोठा खरीद कर अपना धंधा शुरू कर दिया।

उक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि आज देश के अन्य स्थानों विशेषकर शहरों में महिला अपराधियों की तादाद में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। राजधानी दिल्ली की जनता भी अपराधी गिरोहों के साथ-साथ महिला अपराधियों के रहम पर है जिससे मुक्ति पाने के लिए राजधानी की कानून-व्यवस्था को और चुस्त करने की तुरंत जरूरत है।

मैट्रो शहरो में अकेले पुरुष की गाड़ी में लिफ्ट मांग कर सूनसान इलाके में उसे लूट लेने मोबाइल फेसबुक पर विडियो काल के जरिए पुरुषों को हनीट्रेस कर ब्लेक मेल कर मोटी रकम वसूलने अनर्गल आरोप लगाकर ब्लेक मेल करने की वारदातों की झड़ी लगी है। सरकार को महिला पुरुष को समकक्ष मान कर कानून का प्रावधान तैयार करने चाहिए अब ऐसा कानून जैसे बलात्कार के मामलों में पुरुष को अपनी बेगुनाही साबित करने पर दोषमुक्त माना जाता है सिर्फ दोषारोपण ही मान्य नहीं होना चाहिए। क्योंकि समय के साथ स्थिति में काफी बदलाव आया है और महिलाओं में भी अपराध की ओर झुकाव बढ़ रहा है। आम तौर पर बहुत सारी अपराधी महिलाएं महिला होने के चलते अपराध करने के बाद भी साफ बच निकलने में कामयाब हो जाती है लेकिन अब आ रहे बदलाव और अपराध की दुनिया में बढ़ रही महिलाओं की सक्रियता के चलते जांच के तोर तरिको में बदलाव आ रहा है।

# मनीषा हत्याकांड : हरियाणा की कानून-व्यवस्था पर सवाल

डॉ सत्यवान सौरभ

भिवानी ज़िले की उन्नीस वर्षीय शिक्षिका मनीषा की हत्या ने पूरे हरियाणा को झकझोर कर रख दिया है। यह मामला केवल एक बेटी की असमय मौत भर नहीं है, बल्कि हरियाणा की पुलिस व्यवस्था, समाज और शासन तंत्र पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न भी है। सवाल यह है कि आखिर क्यों हर बार बेटियों की सुरक्षा तब चर्चा का विषय बनती है जब कोई दर्दनाक घटना घट जाती है? क्यों पुलिस की प्राथमिक प्रतिक्रिया संवेदनशील और सक्रिय होने के बजाय उपेक्षा और पूर्वाग्रह से भरी रहती है?

मनीषा ग्यारह अगस्त को नर्सिंग कॉलेज से लौटते समय लापता हो गई। परिजनों ने उसी दिन पुलिस को शिकायत दी। मगर पुलिस का रवैया बेहद उपेक्षापूर्ण था। पिता को यह कहकर टाल दिया गया कि "लड़की भाग गई होगी, खुद लौट आएगी।" यह बयान केवल पुलिस की संवेदनहीनता नहीं दर्शाता बल्कि यह भी बताता है कि हमारी सुरक्षा एजेंसियाँ अब भी पुरानी जड़ मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाई हैं।

प्रथम सूचना रिपोर्ट अगले दिन दर्ज की गई और कॉलेज का बंद परिपथ यंत्र का चित्रण भी तेरह अगस्त को जुटाया गया। यानी तीन दिन तक समय बर्बाद हुआ। इस दौरान मनीषा का गला रेतकर हत्या कर दी गई और शव को जलाने की कोशिश की गई। अगर पुलिस ने तुरंत गंभीरता दिखाई होती, तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी। यह मामला हर उस परिवार के डर को सच साबित करता है जो अपनी बेटियों को घर से बाहर भेजते समय दिल पर पत्थर रखते हैं। मनीषा के परिवार ने जब शव देखा तो उनका दुःख आक्रोश में बदल गया। उन्होंने शव लेने और अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि जब तक हत्यारे पकड़े नहीं जाते, तब तक वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। यह प्रतिरोध केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज की पीड़ा है।

भिवानी नागरिक अस्पताल में लगातार धरना चला। गाँव-गाँव से लोग समर्थन में पहुँचे। यह संघर्ष हमें याद दिलाता है कि न्याय के लिए जनता को बार-बार सड़क पर उतरना पड़ता है। आखिर यह कैसा लोकतंत्र है जहाँ नागरिक को अपनी आवाज़ सुनाने के लिए शव लेकर धरने पर बैठना पड़े? चरखी दादरी, भिवानी, बाढड़ा, भांड़वा और लोहारू सहित कई कस्बों में बाज़ार बंद हुए। सड़कों पर जाम लगा। मोमबत्ती मार्च निकाले गए। यह जनता का सीधा संदेश था कि अब और सहन नहीं होगा। जब भी व्यवस्था अपने कर्तव्य से चूकती है, जनता का आक्रोश ही उसे आईना दिखाता है। लोगों की माँग थी कि दोषियों को फाँसी दी जाए। उनकी नाराजगी केवल अपराधियों से नहीं थी, बल्कि उस तंत्र से भी थी जिसने समय रहते कार्रवाई नहीं की।

बढ़ते जनाक्रोश ने मुख्यमंत्री को कदम उठाने पर मजबूर किया। उन्होंने भिवानी पुलिस अधीक्षक का तबादला कर दिया और पाँच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। सवाल यह है कि क्या सिर्फ़ निलंबन और तबादले से बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो जाएगी? क्या पुलिस सुधार का मतलब केवल नाम बदलना और कुर्सी बदलना भर है? यह कदम राजनीतिक दबाव में उठाए गए अस्थायी उपाय भर लगते हैं।

विपक्ष ने इस मामले को तुरंत मुद्दा बनाया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उनका बयान गलत नहीं है। जब लोग पुलिस पर भरोसा नहीं कर पा रहे, तब यह साफ है कि व्यवस्था की जड़ें खोखली हो चुकी हैं। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि विपक्षी दल केवल बयानबाज़ी तक सीमित रहते हैं। सत्ता में रहते हुए उन्होंने भी पुलिस सुधार और महिला सुरक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। इसलिए दोष केवल वर्तमान सरकार का नहीं, बल्कि पूरे राजनीतिक तंत्र का है, जिसने कभी इस मुद्दे को प्राथमिकता नहीं दी। हर हत्या के बाद हम मोमबत्तियाँ जलाते हैं, सड़कें जाम करते हैं और कड़ी सज़ा की माँग करते हैं। लेकिन क्या इसके बाद हमारे समाज का रवैया बदलता है? बेटियों को घर से बाहर निकलते समय शक की निगाह से देखना, उनकी स्वतंत्रता पर बंदिश लगाना और पुलिस का "भाग गई होगी" वाला दृष्टिकोण — ये सब हमारी सामूहिक मानसिकता की गवाही देते हैं। हमें यह समझना होगा कि अपराधियों का हौसला तभी टूटेगा जब समाज बेटियों को बराबरी का अधिकार और सुरक्षा का वातावरण देगा। सुधार की राह साफ है। हर शिकायत को तुरंत दर्ज करना अनिवार्य होना चाहिए। गुमशुदगी के मामलों में "भाग जाने" वाली सोच को खत्म करना होगा। केवल निलंबन काफी नहीं है। दोषी अधिकारियों पर आपराधिक मामला दर्ज हो और सख़्त सज़ा मिले। कॉलेज, स्कूल और सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी व्यवस्था और पुलिस गश्त मजबूत होनी चाहिए। महिला अपराधों की सुनवाई शीघ्र हो और हर मामला छह महीने के भीतर निपटाया जाए। घर-परिवार से लेकर पंचायत और समाज तक यह संदेश जाए कि बेटियों की सुरक्षा केवल सरकार नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

## सू-दोकू-143

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.142 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# गर्भावस्था में मां को होने वाले आम संक्रमण बच्चे की बुद्धि पर नहीं डालते असर

गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। जब मां स्वस्थ रहती है तभी होने वाला बच्चा भी सेहतमंद रहता है। गर्भावस्था के दौरान अगर मां को सर्दी-जुखाम हो जाता है तो उन्हें इस बात की चिंता सताती है कि कहीं उनके बच्चे की सेहत पर असर न पड़े। हालांकि, एक नया अध्ययन कहता है कि गर्भावस्था में मां को होने वाले आम संक्रमण बच्चे की बुद्धि पर असर नहीं डालते हैं।

यह अपनी तरह का सबसे बड़े पैमाने पर किया गया अध्ययन है, जिसे पीएलओएस मेडिसिन नामक पत्रिका में प्रकाशित किया गया था। इसे डेनमार्क के रिग्शोस्पिटलेट के बाल चिकित्सा और किशोर चिकित्सा विभाग और कोपेनहेगन के स्टेटेंस सीरम इंस्टीट्यूट के जन्मजात विकार विभाग के शोधकर्ताओं ने किया। यह डेनमार्क से प्राप्त किए गए राष्ट्रव्यापी आंकड़ों पर आधारित था। इसके जरिए शोधकर्ता जानना चाहते थे की आम संक्रमण गर्भावस्था के दौरान बच्चे की सेहत को कैसे प्रभावित करते हैं।

यह अध्ययन कहता है कि गर्भावस्था के दौरान आम संक्रमणों का भविष्य में बच्चों के संज्ञानात्मक परिणामों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता है। अध्ययन को पूरा करने के लिए शोधकर्ताओं ने 2,50 लाख से ज्यादा भाई-बहनों की मदद ली थी। इस दौरान उन सभी के स्कूल के अंकों और बौद्धिक स्कोर का विश्लेषण किया गया था। शोध के लिए डाटा कई राष्ट्रीय डेनिश रजिस्ट्री से प्राप्त किया गया था और पुराने अध्ययन की भी मदद ली गई थी।

एक नजर

## कलेक्टर ने कलेक्टोरेट परिसर में किया ध्वजारोहण



**सुकमा, 16 अगस्त।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्टोरेट परिसर में प्रातः 7:30 बजे ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर कलेक्टर श्री ध्रुव सहित जिला अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर नमन किया गया। तत्पश्चात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान का गायन किया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री ध्रुव ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा पूरे विश्व में भारत ही ऐसा देश है जिसे हम माता के नाम से पुकारते हैं, भारत माता कहते हैं। देश की स्वतंत्रता के लिए हमारे पूर्वजों ने अपनी कुर्बानी दी है। हम सभी का कर्त्तव्य है कि हम ईमानदारी से अपने कार्य का निर्वहन करें। हर व्यक्ति को देश के लिए कुछ करने में योगदान देना चाहिए, इसलिए अपने कार्य का निष्ठापूर्वक ढंग से निर्वहन करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री शबाब ख़ान, सुश्री निधि प्रधान सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आयुष्मान ऑपरेटर आईडी बनवाने जिला समन्वयक से करें संपर्क

**सुकमा, 18 अगस्त।** सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को यह सूचित किया जाता है कि जिनके द्वारा सत्र 2022-23 में आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया गया है उन सभी लोगों के खाते में 2023 के 1 साल की कुल बनाए गए आयुष्मान कार्ड की प्रति कार्ड 5 रुपए की राशि डाल दी गई है। 2023-24 की राशि अक्टूबर माह के बाद आनी है कृपया सभी संबंधित कर्मचारी अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाकर अधिक से अधिक राशि प्राप्त करें। जिनके पास आयुष्मान ऑपरेटर आईडी नहीं हैं वे कृपया सुकमा जिला के सीएससी डिस्ट्रिक मैनेजर से एडमिन कोड लेकर आईडी ऑपरेटर के माध्यम से बनवा लें। डिस्ट्रिक सुकमा आयुष्मान ग्रुप में कल से एडमिन कोड प्रतिदिन शेयर किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड की ऑपरेटर आईडी सभी लोगों का बनाया जा सकता है इसके लिए किसी विशेष विभाग का या सरकारी कर्मचारी होने की आवश्यकता नहीं है। जिस किसी व्यक्ति को आयुष्मान ऑपरेटर आइडी बनवानी हो अधिक जानकारी के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सुकमा में जाकर जिला परियोजना समन्वयक (आयुष्मान) से संपर्क करें।

## डिप्रेशन में पुलिस अधिकारी ने किया सुसाइड

**बालोद, 18 अगस्त।** जिले से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि, जिला पुलिस बल में पदस्थ एक एएसआई यानी सहायक पुलिस निरीक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्मघाती कदम उठाने वाले पुलिस अफसर का नाम हीरामन मंडावी है। एएसआई हीरामन मंडावी बालोद जिले के दल्लीराजहरा थाने में पदस्थ थे। पुलिस ने एएसआई के शव को बरामद करते हुए जांच शुरू कर दी है। सूत्रों की माने तो एएसआई मंडावी किन्ही कारणों से कुछ समय से डिप्रेशन में चल रहे थे। सम्भवतः इसी वजह से उन्होंने खुदकुशी कर अपनी इहलील खत्म कर ली। साथी पुलिस अधिकारी के निधन से विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है।

## आईटीआई बेरला में प्रवेश उत्सव 18.19 को

**बेमेतरा, 18 अगस्त।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) बेरला में सत्र 2025-26 एवं 2025-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के लिए नव कौशल पथ नई राह, नया हुनर कार्यक्रम के अंतर्गत 18 एवं 19 अगस्त 2025 को दो दिवसीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस परिचय सम्मेलन में शिल्पकार प्रशिक्षण योजना की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# विधायक ने ग्राम पंचायत मूली में निर्मित अलैख महिमा आश्रम भवन का किया लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 18 अगस्त।** नुवाखाई पर्व पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने ग्राम पंचायत मूली में निर्मित अलैख महिमा आश्रम भवन का लोकार्पण किया। आश्रम पहुँचने पर अलैख महिमा के साधु-संत, माताएं, बहनें एवं ग्रामवासियों ने विधायक का भव्य स्वागत किया। यह आश्रम बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया गया है, जो आने वाले समय में समाज और धार्मिक कार्यों का प्रमुख केंद्र बनेगा लोकार्पण अवसर पर ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान श्री बघेल ने मूली स्थित आश्रम के सभी बाबा एवं माता-बहनों को नुवाखाई (तिहारीन) पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



ग्राम पंचायत मूली मेन चौक में विधायक ने अलैख मंदिर निर्माण के लिए भूमि-पूजन किया, जिसकी लागत राशि भी 5 लाख रुपये निर्धारित की गई है वहीं स्थानीय नवयुवकों की मांग पर क्रिकेट मैदान समतलीकरण हेतु भूमि-पूजन भी किया गया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत बागमोहल्लई के आमंत्रण पर श्री बघेल ने डोंगरीपारा में आयोजित नुवाखाई (तिहारीन) पर्व में शामिल होकर श्रद्धालुओं से मुलाकात की भारी वर्षा के बावजूद विधायक लगभग 2 किलोमीटर पैदल चलकर आश्रम पहुँचे और लोगों के बीच उत्सव की खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि -÷अलैख महिमा आश्रम क्षेत्रीय संस्कृति, अध्यात्म और सामाजिक एकता का प्रतीक है नुवाखाई जैसे पर्व हमारी परंपरा और संस्कृति को जीवंत रखते हैं बस्तर की यह धरोहर हमेशा हमें एकजुट होकर विकास और उन्नति की राह दिखाती रहेगी।

इस दौरान मौजूद रहें बालेश दुबे, मानसिंह कवासी,जितेन्द्र सिंह बघेल संरपच, राम्या राम,लक्ष्मीनारायण पटेल,धरमानंद दास (बाबा),मोहन कश्यप, चितानंद कश्यप,सोनाधर,बघेल,धरमचंद,बलराम सेठिया,मोहन कश्यप,सोनाधर सेठिया, ,हरिचद्र (पुजारी)मानसिंह सेठिया, लखेश्वर सेठिया,कनदई राम, अरुण सेठिया, प्रभुनाथ सेठिया,मंगलसाय,एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## राज्यपाल से कोपलवाणी विशेष स्कूल के बच्चों ने की मुलाकात



**रायपुर, 18 अगस्त।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में कोपलवाणी विशेष स्कूल के बच्चों ने मुलाकात की। मूक-बधिर बालक श्री गौकरण पाटिल ने श्री डेका को उनकी पोर्ट्रेट भेंट की। गौकरण के हाथ नहीं है साथ ही वह सुनने और बोलने में भी असमर्थ है। राज्यपाल का पोर्ट्रेट उसने अपने पैरों से बनाया है। श्री डेका ने चित्रकला में निपुण बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

स्कूल की संचालिका श्रीमती पद्मा शर्मा ने बताया कि स्कूल में वोकेशनल ट्रेनिंग के तहत विशेष बच्चों को चित्रकला का प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार पेटिंग को शासकीय आयोजनों में उपयोग हेतु आग्रह किया जिससे उन्हें आय भी प्राप्त होगी। श्री डेका ने इस दिशा में उचित कदम उठाने की बात कही है। श्रीमती शर्मा ने 23 से 30 सितम्बर 2025 तक आयोजित बधिर सप्ताह के दौरान बधिर बच्चों के बीच आने का आग्रह राज्यपाल से किया। इस अवसर पर स्कूल के अन्य शिक्षक और संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

## डीएमएफ राशि का सही उपयोग हो पंचायतों को मिले वास्तविक हक:आप

**सुकमा, 18 अगस्त।** आम आदमी पार्टी, जिला सुकमा का स्पष्ट मानना है कि खनिज संपदा से प्राप्त डीएमएफ (जिला खनिज न्यास) निधि का सीधा और पारदर्शी उपयोग गाँवों और ग्रामीण जनता की बेहतरी के लिए होना चाहिए। वर्तमान में देखा जा रहा है कि ग्रामीण अंचलों को इस निधि का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है और विकास कार्य अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहे हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में आम आदमी पार्टी निम्नलिखित माँगें करती है– 1. जिस जिले से डीएमएफ की राशि प्राप्त होती है, उसका उपयोग उसी जिले में किया जाए। किसी भी स्थिति में यह राशि अन्य जिलों में खर्च न हो। 2. प्रत्येक पंचायत को हर साल न्यूनतम 1 करोड़ रुपये की राशि दी जाए। इससे बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और गाँवों की अधूरी परियोजनाओं को पूर्ण किया जा सकेगा। 3. किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाएँ। पारंपरिक खेती से किसान आगे नहीं बढ़ सकते। आधुनिक साधनों के उपयोग से उत्पादन में वृद्धि होगी और किसान आत्मनिर्भर बनेंगे। 4. महिला स्व-सहायता समूहों को बढ़ावा दिया जाए। ग्रामीण महिलाएँ मेहनती और संगठित हैं। यदि उन्हें आर्थिक सहयोग व योजनाओं का वास्तविक लाभ मिले तो वे गाँव और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सशक्त बना सकती हैं। 17 अगस्त 2025 को बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिले में एक संभागीय स्तर की बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस विषय पर गंभीर चर्चा हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 26 अगस्त 2025 को बस्तर संभाग के सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और संबंधित विभागीय अधिकारी एवं जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## पर्यावरण के प्रति पीपल्स केयर संस्था का प्रयास सराहनीय : महेश कश्यप

### 21 परिवारों ने लगाए 21 पीपल के पौधे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 18 अगस्त।** पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण को लेकर सतत् कार्य कर रही पीपल्स केयर संस्था ने आज ग्राम पंचायत तितिरगाँव में एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर गाँव के दो तालाबों की मेड़ पर 21 परिवारों द्वारा 21 पीपल के पौधे विधिवत पूजा अर्चना के साथ लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश कश्यप एवं विशिष्ट अतिथि सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष दशरथ कश्यप उपस्थित रहे।

ग्रामवासियों ने परंपरागत रीति-रिवाजों से सांसद महेश कश्यप, दशरथ कश्यप व अन्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात् ग्रामीणों के साथ तालाब परिसर तक



पहुंचकर पूजा-पाठ के बाद 21 परिवारों ने 21 पीपल के पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया। सांसद महेश कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि पीपल का वृक्ष सबसे अधिक ऑक्सीजन देने वाला पेड़ है।इसकी आयु लंबी होती है और यह हमारे सनातन संस्कृति व धार्मिक परंपराओं से जुड़ा है। पीपल्स केयर संस्था द्वारा तालाबों के चारों ओर पीपल व नीम के पौधे लगाकर उन्हें मजबूत ट्री-गार्ड से सुरक्षित करने का जो कार्य किया जा रहा है, वह प्रशंसनीय और प्रेरणादायी है। उन्होंने आगे कहा कि पीपल्स केयर संस्था केवल बस्तर ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के कई जिलों में पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय है। यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। सांसद ने संस्था के सभी सदस्यों को इस पुण्य कार्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। सांसद महेश कश्यप ने तितिरगाँव स्थित गायत्री शिक्षण संस्थान में पहुँचकर संस्थान परिवार के साथ 11 बादाम के पौधे लगाए और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष दशरथ कश्यप ने कहा तालाब की मेड़ पर पीपल के पौधे लगाने से न केवल तालाब पीढ़ियों तक सुरक्षित रहेगा, बल्कि हमारा सनातन धर्म भी और अधिक मजबूत होगा।

## स्वदेशी जागरण मंच ने जलाई विदेशी वस्तुओं की होली

**जगदलपुर, 18 अगस्त ।** स्वदेशी जागरण मंच जिला नारायणपुर के द्वारा जय स्तंभ चौक पर स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया, इसके तहत स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग अपनी दैनिक दिनचर्या पर एवं विदेशी वस्तुओं का कम से कम उपयोग करने की बात कही गई। आत्मनिर्भर भारत के तहत भारतीय उत्पाद को अधिक से अधिक खरीदने एवं भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए, जिससे कि भारतीय अर्थव्यवस्था सुधरेगी और विकास के कार्य तीव्र गति से होंगे। विदेशी कंपनियों के द्वारा भारत के पैसे से कमाई कर विदेशों में अपने देश को समृद्धि किया जाता है और इसका नुकसान स्वदेशी उत्पादों को होता है, इसलिए अधिक से अधिक स्वदेशी मिले बन गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए एवं विदेशी वस्तुओं की होली जलाई गई। इस कार्यक्रम में नवीन जैन कमलापति मिश्रा सूर्यपाल दुबे प्रवीण जैन अभिषेक झा विजय राज मिश्रा छ्रु पटेल नमन कुमार साहनी देवेंद्र सिंह ठाकुर उमेश ताम्रकार उमेश यादव उमेश नेताम विक्रम यादव सनातन देवांगन सचिन जैन भाव विकास मरकाम एवं स्वदेशी जागरण के मंच के कार्य करता है एवं नागरिक उपस्थित थे।

## बलराम मांझी बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष मनोनीत

**जगदलपुर, 18 अगस्त।** बस्तर दशहरा समिति की बैठक 17 अगस्त को जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित की गई। बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष एवं सांसद, कलेक्टर बस्तर और मांझी, चालकी, मेम्बर, मेम्बरिन और पुजारी के साथ गणमान्य नागरिको की उपस्थित में बस्तर दशहरा पर्व के नए उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया। बलराम मांझी को सर्वाधिक मांझी की-चालकियों का समर्थन मिलने पर उपाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर सभी मांझी, चालकी, मेम्बर और मेम्बरिन द्वारा बस्तर दशहरा पर्व के दौरान माता के छत्र के साथ प्रधान पुजारी के साथ बस्तर के माटी पुजारी राज परिवार सदस्य कमलचंद भंजदेवव को भी रथारूढ़ करने की लिखित मांग की है।

कोंडागांव जिले के शामपुर परगना के मालगांव निवासी चलकी चिमरुराम ने बताया कि बस्तर दशहरा पर्व मा दंतेश्वरी और राज परिवार से जुड़ा है। राज परिवार बस्तर के माटी पुजारी है।माता के छत्र के रथारूढ़ होने का अधिकार है। कमलचंद भंजदेव विवाह नहीं हुआ था इसलिए रथ पर नहीं चढ़ सकता था। अब विवाह हो गया है इसलिए हम लोगों ने रथारूढ़ करने की मांग रखी है। इस पर बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष एवं सांसद ने प्रशासन के समक्ष बात रखने की बात कही है।

## सुकमा में यूरिया और डीएपी नहीं मिलने से किसान परेशान : जनता कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 18 अगस्त।** सुकमा जिले के किसानों को इस समय अपनी फसल और भविष्य को लेकर खाद की नई समस्या से जुझनी पड़ रही है परंतु प्रशासन अभी तक किसानों के इस समस्याओं की गंभीरता को लेकर सक्रिय नहीं हुआ है जरूरत है कि शासन प्रशासन शीघ्र ही तालमेल बिठाकर मौजूदा समस्या का निदान करें । जारी प्रेस विज्ञप्ति में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री पी राजू प्रसाद ने उक्त बातें करते हुए ङ्क सुकमा जिले में यूरिया और डीएपी नहीं मिलने की समस्या को किसान हितों में उठाते हुए कहा है कि ठीक समय पर किसानों को जिले में खाद उपलब्ध नहीं हो रहा जिससे उनका भविष्य और जीवन आधार में अटक गया है समय रहते अगर उन्हें यूरिया डीएपी नहीं मिलता है तो फसलों के पैदावार को लेकर भविष्य में गंभीर समस्या खड़ी हो जाएगी । जनता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पी प्रसाद राजू ने आगे कहा कि एक महीने से यूरिया और डीएपी खाद नहीं मिल रही है अभी फसल में खाद की बहुत जरूरत पड़ती है समय से नहीं मिलने पर फसल में काफी नुक्सान होगा। श्री राजू ने प्रशासन से जारी विज्ञप्ति के माध्यम से निवेदन किया है कि जिला प्रशासन सहित संबंधित प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस विषय में तुरंत गंभीरता से विचार करें और फैसला करें सरकार के द्वारा समय से खाद नहीं मांगने पर जनता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पी प्रसाद राजू के द्वारा सड़कों पर प्रदर्शन करने की बात कही गई है , उन्होंने कहा है कि अगर इससे भी बात नहीं बनी तो हम उग्र आंदोलन करने मजबूर होंगे।

## ग्राम पंचायतों में 20 से ग्रामसभा का आयोजन

**कांकेर 18 अगस्त।** राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में 20 अगस्त से 25 अगस्त तक अनिवार्य रूप से ग्राम सभा आयोजन करने के लिए निर्देश जारी किया है। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर तथा समय-सारणी बनाकर तिथि निर्धारित कर ग्राम सभा का आयोजन किया जाए, ताकि एक ही दिनांक को ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में उसी तिथि में ग्रामसभा का आयोजन न हो। इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्रामसभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे एवं ग्रामसभा का आयोजन सही ढंग से हो सकेगा। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा ग्राम पंचायत के प्रत्येक पदधारी सरपंच एवं पंचों को दी जावे, जो अपने क्षेत्र के सदस्यों को ग्राम सभा में उपस्थित कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। इसके अलावा पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा कर मुनादी कराई जावे। कलेक्टर ने ग्रामसभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम सभा में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग कर वीडियो को ''ग्रामसभा निर्णय'' मोबाईल एप में अपलोड कराएं।

## कार्यशाला में फसल चक्र परिवर्तन से लाभ की जानकारी दी

**जशपुरनगर, 18 अगस्त।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत डीसीडीसी द्वारा अनुमोदित वार्षिक कैलेंडर अनुसार विकासखंड कुनकुरी के अंतर्गत ग्राम गिनाबहार तथा विकासखंड दुलदुला में फसल चक्र परिवर्तन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कृषकों को फसल चक्रण के लाभ एवं तरीकों से अवगत कराते हुए इसके संबंध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गयी। कृषकों की इस संबंध में जिज्ञासाओं का भी विशेषज्ञों द्वारा निराकरण किया गया। विशेषज्ञों द्वारा कृषकों



को तरल यूरिया (नैनो यूरिया), तरल डीएपी (नैनो डीएपी) के प्रयोग के तरीकों एवं लाभों से अवगत कराते हुए इनके अधिक से अधिक प्रयोग हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग से कम खर्च में ही फसल को पूरे उर्वरकों के लाभ प्राप्ति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इस दौरान सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारी तथा समिति प्रबंधक तथा क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से कोरबा का घर-घर बन रहा ऊर्जा आत्मनिर्भर

**कोरबा, 18 अगस्त।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना देश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इस योजना का लक्ष्य है हर घर को स्वच्छ, नवीकरणीय और किफायती ऊर्जा से जोड़ना, जिससे न केवल बिजली बिलों में बचत हो, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को सीधे राहत पहुंचाने और सतत विकास के लक्ष्य भी पूरे हों। इसी सोच और उद्देश्य को साकार करते हुए, कोरबा जिले के आर.पी. नगर निवासी मनोज केशरवानी और उनकी पत्नी श्रीमती अन्नपूर्णा केशरवानी ने सौर ऊर्जा अपनाकर आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक लाभ की प्रेरक मिसाल पेश की है।

मनोज केशरवानी, जो वर्षों से बिजली बिल के खर्च से परेशान थे, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली



योजना के बारे में जानकारी मिलने पर तुरंत इसमें जुड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने अपने घर की छत पर 2 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाया। इस पर उन्हें केंद्र सरकार से रूपये 78 हजार की सब्सिडी मिली, जिससे आर्थिक बोझ काफी कम हो गया। अब उनके घर में दिनभर सूर्य की किरणों से उत्पन्न बिजली का उपयोग होता है, जिससे उनका मासिक बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। योजना से पहले हर महीने आने वाले बिजली बिल से परिवार का बजट प्रभावित होता था। लेकिन सोलर पैनल लगने के बाद अब वे इस राशि की बचत अन्य आवश्यक कार्यों में कर पा रहे हैं। अब न केवल बिल से मुक्त हैं, बल्कि अतिरिक्त ऊर्जा को ग्रिड में देकर क्रेडिट भी प्राप्त कर रहे हैं। यह योजना उनके जीवन में आर्थिक, मानसिक और पर्यावरणीय - तीनों स्तरों पर सकारात्मक बदलाव लेकर आई है। इस योजना ने केशरवानी परिवार को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाया है, साथ ही वे पर्यावरण संरक्षण में भी अहम योगदान दे रहे हैं। सौर ऊर्जा के उपयोग से हर साल कई टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में बड़ा कदम है।

मनोज और श्रीमती अन्नपूर्णा केशरवानी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा - हम हृदय से धन्यवाद देते हैं कि हमें इतनी लाभकारी योजना का हिस्सा बनने का अवसर मिला। इससे न केवल हमारे घर की ऊर्जा जरूरतें पूरी हो रही हैं, बल्कि हम देश के सतत विकास में भी भागीदार बन रहे हैं।÷ उन्होंने अन्य नागरिकों से भी अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपने घर को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाएं और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें। पीएम सूर्यघर योजना के तहत पूरे देश में लाखों परिवार अपनी छत पर सौर पैनल लगाकर न केवल बिजली बिल से छुटकारा पा रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली बेचकर आय भी अर्जित कर रहे हैं। कोरबा जिले में भी यह योजना तेजी से लोकप्रिय हो रही है और अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ रहे हैं।

## स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के 10 कर्मचारी हुए सम्मानित

**जशपुरनगर, 18 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन जशपुर द्वारा कुपोषण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आईआईटी मुंबई की टीम के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत स्तनपान के 45 बिंदु, पोषण आहार एवं पूरक आहार जैसे विषयों पर आधारित एक ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के लगभग 5,000 कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता



की। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य विभाग के 5 एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के 5 कर्मचारियों को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने सभी सम्मानित कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले में कुपोषण उन्मूलन हेतु निरंतर समर्पित प्रयास जारी रहेंगे।

## एक नजर

### छातामुड़ा में आंगनबाड़ी तोड़ रहे 3 लोगों को भेजा गया जेल

**रायगढ़, 18 अगस्त।** रायगढ़ के छातामुड़ा में निजी व्यक्तियों द्वारा शासकीय आदेश का हवाला देते हुए आंगनबाड़ी भवन को तोडने का मामला संज्ञान में आने पर प्रशासन ने तत्काल इस कृत्य में लिप्त तीन व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम रायगढ़ महेश शर्मा ने बताया कि आज ग्राम छातामुड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के भवन को तोड़े जाने संबंधी घटना पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की हैं। घटना में संलिप्त 3 विभिन्न व्यक्तियों को पुलिस थाना जूट मिल से प्राप्त इस्तगासे के आधार पर एसडीएम रायगढ़ द्वारा जेल दाखिल करने की कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी भवन जिस भूमि पर निर्मित था उस भूमि के निजी व्यक्ति के हक में होने के संबंध में भी दस्तावेज जांच की कार्यवाही की जा रही है।

### 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद, 18 अगस्त ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बरबसपुर की मृतिका रामबाई निर्मलकर के पति श्री बलराम निर्मलकर के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### उद्योग मंत्री कोरबा नगर निगम के विकास कार्यों की करेंगे समीक्षा

**कोरबा 18 अगस्त ।** नगर विधायक, वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन सोमवार को जिला पंचायत सभागृह में प्रातः 11 .30 बजे कोरबा नगर निगम के विभिन्न विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगे।

जारी प्रोटोकॉल के मुताबिक् मंत्री श्री देवांगन 18 अगस्त सोमवार को प्रातः 11.15 बजे चारपारा कोहड़िया से जिला पंचायत सभागृह के लिए रवाना होंगे। जहाँ पर वे नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर विभिन्न विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं की कार्यप्रगति की समीक्षा करेंगे, इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत भी विशिष्ट रूप से उपस्थित रहेंगी।

### छत्तीसगढ़ में चलेगा आदि कर्मयोगी अभियान

**रायपुर, 18 अगस्त ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में आदि कर्मयोगी अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलाया जाएगा। छत्तीसगढ़ सहित देशभर के अनेक राज्यों में संचालित हो रहे इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित किया जाना है, अतः इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इस अभियान के अंतर्गत राज्य के 28 जिलों, 128 विकासखंडों और 6,650 आदिवासी बहुल ग्रामों को शामिल किया गया है। अभियान के संचालन हेतु ग्राम स्तर पर 1,33,000 से अधिक कैडर (एनजीओ, स्वयंसेवी, पंचायत प्रतिनिधि, युवा एवं सेवाभावी संगठन) तैयार किए जाएंगे। ये कैडर आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्राम विकास की योजना निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य, जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक चयनित ग्राम में ÷आदि सेवा केंद्र÷ की स्थापना की जाएगी, जो शासकीय सेवाओं की प्रदायगी और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने का केंद्र बनेगा। पूरे अभियान के दौरान 'आदि सेवा केंद्र' के माध्यम से 'सेवा पर्व' और 'आदि कर्मयोगी सेवा अभियान' का संचालन किया जाएगा। इस कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

# नशीली एवं अमानक दवाओं की अवैध बिक्री पर की गई कार्रवाई



**धमतरी 18 अगस्त ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार स्वापक एवं मनःप्रभावी नशीली दवाओं की अवैध बिक्री तथा नशे के रूप में दुरूपयोग को रोकने के लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में सहायक औषधि नियंत्रक श्री संजय राजपूत, संयुक्त निरीक्षण दल औषधि निरीक्षक श्री संदीप कुमार सूर्यवंशी, श्री सुमित देवांगन एवं लुकेश कुमार साहू द्वारा 14 अगस्त को धमतरी शहर के 06 मेडिकल स्टोर्स क्रमशः- विजय मेडिकोज, वार्ड नं0 4 स्टेशन रोड, आर0एस0 मेडिकल एजेंसी, कुशल कॉम्प्लेक्स, ग्रीनक्रॉस मेडिकल स्टोर्स, मिशन ग्राउण्ड के सामने, आरती मेडिकल स्टोर्स, पुराना बस स्टैण्ड, मानिक मेडिकल स्टोर्स, नया बस स्टैण्ड के सामने एवं भारत मेडिकल स्टोर्स, सुन्दरगंज वार्ड का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान विजय मेडिकोज में अवसान तिथि की औषधि विक्रय अभिलेख में अनियमितता, मानिक मेडिकल स्टोर्स में कफ सिरप विक्रय अभिलेख में अनियमितता, भारत मेडिकल स्टोर्स में कफ सिरपके विक्रय अभिलेख में अनियमितता एवं अवसान तिथि की औषधि- पाया गया। सहायक औषधि नियंत्रक ने बताया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं नियमावली 1945 के अंतर्गत संबंधित मेडिकल स्टोर्स के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने यह भी बताया कि कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही से नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर व्यापक एवं नियंत्रण तथा अमानक, नकली दवाओं, कॉस्मेटिक्स की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

### कार्रवाई नहीं होने पर घेराव की चेतावनी

**तिल्दा।** क्षेत्र की एक महिला किसान आशा देवी साहू ने आरोप लगाया है कि उनकी कृषि भूमि पर जबरन जोताई कर धान बो दिया गया। इस संबंध में उन्होंने 28 मई और 16 जून को तिल्दा नेवरा थाना में लिखित शिकायतें दीं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।इस मामले को लेकर स्थानीय किसान संगठनों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता से आरोपियों का मनोबल और बढ़ गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 26 अगस्त तक आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा गया, तो 27 अगस्त को दोपहर 1 बजे रायपुर स्थित राजभवन का घेराव किया जाएगा। स्थानीय संगठनों ने शासन-प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर पीड़ित महिला किसान को न्याय दिलाने की मांग की है।

# पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की



**बलौदाबाजार-भाटापारा।** पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली एवं कसडोल की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 16.08.2025 को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले तथा सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले कुल 12 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 12 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव-गंगरेल स्थित पर्यटन स्थल में की गई साफ-सफाई



**धमतरी 18 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रदेश सहित जिले में भी अनेक कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जा रहीं हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में आज ग्राम गंगरेल स्थित प्रमुख पर्यटन स्थल मां अंगारमोती परिसर में सफाई एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन कर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वच्छता समितियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया तथा स्वच्छता का संदेश दिया।पर्यटन स्थल पर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने एवं आने वाले पर्यटकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु सभी ने सामूहिक रूप से योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने यह संकल्प लिया कि परिसर की नियमित सफाई एवं रख-रखाव में सभी का सहयोग रहेगा, जिससे स्वच्छ पर्यटन स्थल-स्वच्छ छत्तीसगढ़ का लक्ष्य पूरा हो सके।

# स्किल डेव्हलपमेंट से जुड़कर जशपुर अंचल की बेटियां बन रही हैं आत्मनिर्भर





**जशपुर, 18 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए स्किल डेव्हलपमेंट के कई नवीनतम कोर्स संचालित किए जा रहे है। जशपुर के नवगुरूकुल शिक्षण संस्थान में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जुड़ने की इच्छुक युवतियों को बिजनेस एवं टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यहां आनी वाली युवतियों को हॉस्टल, भोजन एवं लैपटॉप जैसी आवश्यक सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियाँ भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें।

कुनकुरी की कुमारी नेहा खाखा ने 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद जशपुर के नवगुरूकुल शिक्षण संस्थान में प्रवेश परीक्षा पास कर फाइनेंस स्किल प्रोग्राम जॉइन किया। एक वर्ष के अध्ययन उपरांत आज वे इसी संस्थान में एसोसिएट टीचर के रूप में कार्यरत हैं और प्रतिमाह 15 हजार रुपए का वेतन प्राप्त कर रही हैं। वे कहती हैं कि नवगुरूकुल ने मेरी जिंदगी की दिशा बदल दी। यहाँ आकर मैंने एआई फीचर और गूगल शीट जैसे आधुनिक टूल्स को सीखा। आज मैं न सिर्फ खुद आत्मनिर्भर हूँ बल्कि अन्य छात्राओं को पढ़ाकर उन्हें भी आगे बढ़ा रही हूँ।पत्थलगाँव की कुमारी वृंदावती यादव ने प्रोग्रामिंग स्कूल जॉइन किया। 15 माह के कोर्स उपरांत वे आज पार्ट-टाइम इंटर के रूप में कार्य कर रही हैं और प्रतिमाह 13 हजार रुपए कमा रही हैं। मुझे लगा था कि आर्थिक स्थिति के कारण मैं आगे नहीं बढ़ पाऊँगी, आज मैं पढ़ाई के साथ काम कर रही हूँ और खुद को तकनीकी रूप से सक्षम महसूस करती हूँ। बगीचा की कुमारी उषा यादव को बचपन से ही डिजाइनिंग का शौक था, परंतु पारिवारिक आर्थिक स्थिति के कारण वे ग्राफिक डिजाइनिंग का कोर्स नहीं कर पाईं। उन्होंने निःशुल्क ग्राफिक डिजाइनिंग सीखी अब मैं बिजनेस की पढ़ाई कर रही हूँ और आगे खुद का स्टार्टअप शुरू करने का सपना देख रही हूँ।

# कौशल विकास प्रशिक्षण से युवाओं को मिले रोजगार के बेहतर अवसर



**जशपुरनगर 18 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन एवं दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश के छात्र-छात्राओं को कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला जशपुर के लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में संचालित नवगुरुकुल शिक्षण संस्थान के माध्यम से बारहवीं उत्तीर्ण छात्राओं तथा स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जुड़ने की इच्छुक युवतियों को बिजनेस एवं टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

संस्थान में अध्ययनरत छात्राओं को हॉस्टल, भोजन एवं लैपटॉप जैसी आवश्यक सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियाँ भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें। कुनकुरी की कुमारी नेहा खाखा ने 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद नवगुरुकुल में प्रवेश परीक्षा पास कर फाइनेंस स्किल प्रोग्राम जॉइन किया। एक वर्ष के अध्ययन उपरांत आज वे इसी संस्थान में एसोसिएट टीचर के रूप में कार्यरत हैं और प्रतिमाह ?15,000 का वेतन प्राप्त कर रही हैं।वे कहती हैं कि नवगुरूकुल ने मेरी जिंदगी की दिशा बदल दी। यहाँ आकर मैंने एआई फीचर और गूगल शीट जैसे आधुनिक टूल्स को सीखा। आज मैं न सिर्फ खुद आत्मनिर्भर हूँ बल्कि अन्य छात्राओं को पढ़ाकर उन्हें भी आगे बढ़ा रही हूँ।पत्थलगाँव की कुमारी वृंदावती यादव ने कॉलेज के माध्यम से नवगुरूकुल के बारे में जानकारी प्राप्त की और प्रोग्रामिंग स्कूल जॉइन किया। 15 माह के कोर्स उपरांत वे आज पार्ट-टाइम इंटर के रूप में कार्य कर रही हैं और प्रतिमाह ?13,000 कमा रही हैं। ÷मुझे लगा था कि आर्थिक स्थिति के कारण मैं आगे नहीं बढ़ पाऊँगी, लेकिन नवगुरूकुल ने मेरे सपनों को पंख दिए। आज मैं पढ़ाई के साथ काम कर रही हूँ और खुद को तकनीकी रूप से सक्षम महसूस करती हूँ। बगीचा की कुमारी उषा यादव को बचपन से ही डिजाइनिंग का शौक था, परंतु पारिवारिक आर्थिक स्थिति के कारण वे ग्राफिक डिजाइनिंग का कोर्स नहीं कर पाईं। नवगुरूकुल से जुड़कर उन्होंने निःशुल्क ग्राफिक डिजाइनिंग सीखी और अब बिजनेस स्कूल में भी अध्ययन कर रही हैं। नवगुरूकुल ने मुझे वह अवसर दिया जिसकी मुझे हमेशा चाह थी। यहाँ आकर मैंने प्रोफेशनल ग्राफिक डिजाइनिंग सीखी। अब मैं बिजनेस की पढ़ाई कर रही हूँ और आगे खुद का स्टार्टअप शुरू करने का सपना देख रही हूँ।

# विधायक इन्द्र साव ने कृष्ण जन्माष्टमी पर्व में शिरकत की



**सिमगा, 18 अगस्त।** सिमगा नगर में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें नगरवासियों की भारी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव विशेष रूप से शामिल हुए और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ÷भगवान श्रीकृष्ण का जीवन सत्य, धर्म और न्याय की रक्षा का प्रतीक है। हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भाव बनाए रखना चाहिए।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री हरदीप सिंह राजू भाटिया ने भी नगरवासियों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कहा कि ÷ऐसे पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करते हैं और समाज में एकता तथा भाईचारे का संदेश देते हैं।÷

विधायक इन्द्र साव ने आयोजन समिति और नगरवासियों को इस पावन पर्व की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक पर्व समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं।पूरे नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा और देर रात तक झांकियों,अखाड़ा प्रदर्शन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन होता रहा।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले, पार्षद परदेशी सोनकर, याकूब कुरैशी, पार्षद प्रतिनिधि गोलू पाटकर, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, कान्हा यदु,सुनीता यादव, अशोक देवांगन, अजीत भट्ट, सुरेंद्र यादव, शीतल, पदुम घनाराम धृतलहरे, हीरालाल साहू, दिनेश साहू,कोमल टंडन,करन भाटिया, के साथ भारी संख्या में नगर वासी तथा यादव समाज के लोग उपस्थित थे

### पटवारी ग्रामीण राजस्व व्यवस्था की रीढ़ :मुख्यमंत्री

**रायपुर, 18 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर पटवारी कार्यालयों के सुचारू संचालन के लिए 7.70 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इससे कार्य में सहूलियत मिलेगी बल्कि आम जनता को राजस्व सेवाएं अब और तेजी व पारदर्शिता से उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि पटवारी हमारी ग्रामीण राजस्व व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। इससे उनके कार्य करने की परिस्थितियाँ बेहतर होंगी और जनता को त्वरित सेवा मिलेगी। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा सरकार ने पटवारियों की जायज़ मांगों को स्वीकार करते हुए वित्तीय स्वीकृति दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की मांग पत्रक में सम्मिलित बिंदुओं पर विचार करते हुए पटवारियों के लिए विभिन्न मदों में राशि आबंटित की गई है।

## समाचार संक्षेप

### सबका साथ-सबका विकास के लिए कार्य कर रही है राज्य सरकार :उद्योग मंत्री

**कोरबा 18 अगस्त ।** प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य व श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की '' सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास '' की संकल्पना को पूरा करने के लिए प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में राज्य सरकार पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के कार्यकाल में प्रारंभ की गई दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं को पूर्ववर्ती सरकार ने बंद कर दिया था, अब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पुनः इन योजनाओं को प्रारंभ कराने के साथ ही अनेक जनहितैषी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रदेश में कराया है, जिनका सीधा लाभ प्रदेश के करोड़ों नागरिकों को प्राप्त हो रहा है। उन्होने कहा क जहॉं तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो मेरा संकल्प है कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के सभी वार्डो में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य होगें तथा जन समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी संवेदनशीलता व प्राथमिकता के साथ कार्य किए जाएंगे। उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने बरपारा कोहड़िया में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कहीं। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा केन्द्र सरकार के एन.सी.ए.पी. मद से 48 लाख रूपये की लागत से निगम के वार्ड क्र. 18 बरपारा कोहड़िया मुख्य मार्ग के किनारे सर्वसुविधायुक्त उद्यान का निर्माण कराया गया है।

### सरकारी डॉक्टर के निजी अस्पताल में नवविवाहिता की मौत

**कोरबा 18 अगस्त ।** जिले के बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निजी अस्पताल में रविवार को इलाज के दौरान एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका गंगा बाई (निवासी-जमनीमुड़ा) है। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया है।जानकारी के अनुसार गंगा बाई की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, जिसके बाद उसे तत्काल इलाज के लिए बांकीमोंगरा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह अस्पताल सरकारी डॉक्टर डी.सी. पंत द्वारा संचालित किया जाता है। इलाज के दौरान महिला की हालत और बिगड़ गई और कुछ ही देर बाद उसने दम तोड़ दिया।चटाईनार के सरकारी अस्पताल में पदस्थ व निजी अस्पताल के संचालक डॉ. डी.सी. पंत का कहना है कि महिला पहले से ही गंभीर बीमार थी और बेहद नाजुक हालत में अस्पताल लाई गई थी। डॉक्टर का दावा है कि अस्पताल की ओर से हर संभव प्रयास किए गए, लेकिन मरीज की जान नहीं बचाई जा सकी।

### डॉ देवेन्द्र कुमार कश्यप ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर जिले को किया गौरवान्वित

**कोरबा 18 अगस्त ।** डॉ देवेन्द्र कुमार कश्यप जो वर्तमान में एक आयुर्वेद चिकित्सक के रूप में कोरबा जिले में अपनी सेवाएं प्रदान करते आ रहे है। जिनका मूल निवास नवागांव, कटघोरा और वर्तमान निवास पकरिया, जिला- कोरबा (छ.ग.) है। डॉ देवेन्द्र कुमार कश्यप का स्नातक डिग्री बी.ए.एम.एस (आयुर्वेद) और स्नोत्तर डिग्री एम.बी.ए (हास्पिटल मेनेजमेंट) विषय पर है। डॉ देवेन्द्र कुमार कश्यप जो कि वर्ष 2020 से ओ.पी.जे.एस विश्वविद्यालय, राजस्थान राज्य के अन्तर्गत स्वास्थ्य प्रबंधन संकाय शोध विषय में डॉक्टर आफफिलासफी की उपाधि से वर्ष 2024 में विभूषित किया गया और दिनांक - 07-08-2025 को पी.एच.डी की उपाधि प्राप्त कर इस कोरबा जिला को गौरवान्वित किया गया। पी.एच. डी की उपाधि अर्जित करने में इनके शोध पर्यवेक्षक डॉ. जी.एस परमार एवं डॉ कश्यप के पिता - श्री कृष्ण चन्द्र कश्यप, माता - श्रीमती रमशिल्या कश्यप और उनके अन्य चिकित्सक साथियों का विशेष महत्वपूर्ण योगदान रहा है भी मिला।

### आदिवासी शक्ति पीठ परिवार ने घर जाकर विजयी प्रतिभागियों को नगद राशि पुरस्कार स्वरूप किया प्रदान

**कोरबा 18 अगस्त ।** विश्व के प्रथम आदिवासी शक्तिपीठ के संरक्षक मोहन सिंह प्रधान कार्यक्रम अध्यक्ष श्री बी एस पैंकरा उपाध्यक्ष श्री सुभाष चंद्र भगत संगठन प्रमुख श्री रमेश सिरका क्रीड़ा प्रभारी श्री प्रवीण पलिया सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक श्री राजेश पोर्ते एवं श्री पुरुषोत्तम सिंह मरावी जी के द्वारा विश्व आदिवासी मूल निवासी दिवस दिनांक 11.8.2025 को सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अलग-अलग विधा में विजयी प्रतिभागियों को उपरोक्त समापन दिवस में अपना पुरस्कार नहीं ले पाने की स्थिति में शक्तिपीठ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा उनके ग्राम एवं घर में जाकर उन्हें नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया।

# पहले निजी हाथों में सौंपते हैं सरकारी संपत्ति, फिर बहाते हैं घड़ियाली आंसू:नत्थूलाल

**कोरबा 18 अगस्त ।** अशोक वाटिका को निजी हाथों में दिए जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नत्थू लाल यादव ने आपत्ति जताते हुए कहा है कि यह खेल मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर संजू देवी राजपूत और प्रशासन की मिलीभगत का है, केवल दिखावे के लिए नूरा कुश्ती की जा रही है। पहले खुद मंत्री देवांगन ने प्रशासन के बैठकर शुल्क लिए जाने का निर्णय जनता पर थोपा और अब केवल मौखिक तौर पर शुल्क वापस लेने का दिखावा कर रहे हैं। यह सभी जानते हैं कि निविदा जारी कर अशोक वाटिका के संचालन की जवाबदारी अपने चहेते ठेकेदारों को सौंपा गया है। ऐसे में मौखिक आदेश से इसपर रोक नहीं लगाई जा सकती। यदि मंत्री देवांगन जनता के हितचिंतक हैं तो लिखित आदेश जारी कर निविदा निरस्त कराएं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखे पत्र में श्री यादव ने आगे कहा है कि अशोक वाटिका के लिए कोरबा निगम एक निर्माण एजेंसी रही है और उसके विकास का कार्य पूरा होने के बाद इसकी नीलामी का षडयंत्र रचा गया था। अशोक वाटिका की नीलामी के लिए कोरबा के वर्तमान कलेक्टर के दबाव में निगम की पूर्व आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई के प्रस्ताव को तत्कालीन महापौर राजकिशोर प्रसाद ने जब ठुकरा दिया था, तब इसकी नीलामी के लिए अर्बन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को माध्यम बनाया गया। इससे स्पष्ट है कि भाजपा वाहवाही लूटने के लिए पहले शुल्क का प्रत्यारोपण और बाद में उसे निरस्त करने का खेल खेला जा रहा है। श्री यादव ने कहा है कि महापौर संजू देवी ने कार्यभार सम्हालते ही सबसे पहला काम अप्पू गार्डन को नीलाम करने का किया। उनका पहला हस्ताक्षर जन विरोधी रहा और यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। नगर निगम क्षेत्र में जनता के लिए कोई नई सुविधा उपलब्ध कराए जाने की जगह केवल पूर्व में तैयार किए गए निगम की सम्पत्तियों को बेचने का काम किया जा रहा है।

सार्वजनिक महत्व के कुछ और भवनों व संस्थानों की नीलामी कर भाजपा सरकार ने राष्ट्रीय व आम नागरिकों के हितों पर कुठाराघात किया है, जिनमें प्रमुख रूप से वर्ष 1990 में अविभाजित मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री रहे सुंदरलाल पटवा द्वारा कोरबा में स्थापित हुए प्रथम 100 मेगावॉट ताप विद्युत संयंत्र की नीलामी की गई थी। इसी प्रकार भाजपा के ही शासनकाल में प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने वर्ष 2001 में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम बालको संयंत्र की नीलामी की थी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि कोरबा विधायक व मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा निगम महापौर के कार्याल में कोरबा के हृदय स्थल परिवहन नगर में आम नागरिकों की सुविधा के लिए बनवाए गए दीनदयाल सांस्कृतिक भवन की नीलामी की गई थी जिसे अब आशीर्वाद प्वाईंट के नाम से जाना जाता है।नत्थू लाल यादव ने कहा है कि भाजपा की कार्यशैली ही आम नागरिकों की सुविधाओं और हितों पर प्रहार करना है तभी तो अर्बन पब्लिक सर्विस सोसाइटी द्वारा अशोक वाटिका गार्डन में प्रवेश शुल्क और पार्किंग शुल्क वसूल किये जाने के नाम पर प्रस्ताव पारित किया गया और निर्धारित शुल्क के संबंध में सूचना बोर्ड लगाया गया।यहाँ उल्लेखनीय है कि अशोक वाटिका कोरबा शहर का सबसे बड़ा उद्यान है, जो लगभग 40 एकड़ के विस्तृत क्षेत्र में फैला है और उसका विकास आम नागरिकों की सुविधा के लिए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की पहल पर करवाया गया था जो समूचे छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का हर दृष्टि से एकमात्र स्थल है। इसमें सेहत के प्रति जागरूक मार्निंग वॉक करने वाले युवाओं, बुजुर्गों के अलावा बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों का नियमित आगमन होता है।

# 1 जून से अब तक जिले में औसत से 6 प्रतिशत अधिक बारिश हुई

**जगदलपुर, 18 अगस्त।** बस्तर जिले में रविवार को 38.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक बकावंड तहसील में 80.8 मिलीमीटर और सबसे कम बास्तानार तहसील में 21.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। रविवार को जगदलपुर तहसील में 30.9 मिलीमीटर, बस्तर तहसील में 61.1 मिलीमीटर, लोहंडीगुड़ा तहसील में 44.9 मिलीमीटर, दरभा तहसील में 26.4 मिलीमीटर, तोकापाल तहसील में 27.7 मिलीमीटर, नानगुर तहसील में 24 मिलीमीटर और भानपुरी तहसील में 49.8 मिलीमीटर तथा करपावण्ड तहसील में 22.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। बस्तर जिले में इस वर्ष औसत से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। जिसके तहत कुल औसत वर्षा 10 साल के औसत से अब तक 6 प्रतिशत अधिक रहा है। जिले में अब तक 947.5 मिमी वर्षा हो चुकी है, जबकि पिछले 10 वर्षों का औसत 890.9 मिलीमीटर रहा है। अब तक तोकापाल तहसील में 1047.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो औसत का 138.4 प्रतिशत है। दरभा तहसील में 1117.1 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो पिछले 10 वर्षों के औसत 910.7 मिलीमीटर का 122.7 प्रतिशत है। बस्तर तहसील में 846 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है, जो 10 साल के औसत 804.1 मिलीमीटर का 105.2 प्रतिशत है। लोहण्डीगुड़ा तहसील में 883.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो औसत का 96.5 प्रतिशत है। बास्तानार तहसील में 974.7 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो औसत का 98.2 प्रतिशत है। नानगुर तहसील में 1039.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो औसत का 105.4 प्रतिशत है। भानपुरी तहसील में 811.5 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो औसत का लगभग 100 प्रतिशत है। करपावंड में 966.3 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो औसत का लगभग 100 प्रतिशत है।

एक नजर

## डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली, 18 अगस्त।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग-2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद फाइनल टेबल में 15 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होने जा रहे मुकाबले के लिए क्वालिफाई किया। 27 साल के नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया राउंड में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि, उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का करियर बेस्ट थ्रो फेंका और दूसरे स्थान पर रहे। फिर नीरज ने जून में पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया।

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने दैनिक भास्कर को बताया- अभी तक की जानकारी के अनुसार नीरज पूरी तरह फिट हैं और वे डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे। फिलहाल, नीरज चोपड़ा चेक रिपब्लिक में ट्रेनिंग कर रहे हैं। नीरज चोपड़ा 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। इस सूची में केशोर्न वालकॉट (17 अंक) पहले और जूलियन वेबर (15) दूसरे स्थान पर हैं। ब्रसेल्स राउंड के बाद फाइनल टेबल में टॉप-6 पर रहने वाले एथलीट ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे।

### एशिया कप के लिए क्या होगा भारत का स्क्वाड

# अक्षर या शुभमन किसे मिलेगी उपकप्तानी?

**नई दिल्ली, 18 अगस्त।** एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट इस साल 9 सितंबर से खेला जाएगा। 17 सदस्यीय टीम अनाउंस करने की आखिरी तारीख 19 अगस्त है।

सूर्यकुमार यादव टी-20 टीम के कप्तान हैं, ऐसे में उनकी जगह तो तय है। अब टीम को बल्लेबाजों की पोजिशन के लिए 4 से 6 और खिलाड़ियों को चुनना है। इन पोजिशन के लिए अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड, रिंकू सिंह, रियान पराग और श्रेयस अय्यर दावेदार हैं।

शुभमन, यशस्वी और श्रेयस को इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज में चुना नहीं गया था, लेकिन तीनों ही प्लेयर्स ने IPL में अपना दमदार फॉर्म दिखा दिया। हालांकि, इनमें से 1 या 2 को ही टीम में जगह मिलते नजर आ रही है।

अभिषेक और तिलक टी-20 बैटर्स रैंकिंग के टॉप-2 स्थान पर हैं और उनकी जगह भी तय है। टीम पराग या रिंकू में से भी किसी एक को ही मौका देगी। यानी सूर्या को मिलाकर 4 और बल्लेबाजों को स्क्वॉड में जगह मिल सकती है।

विकेटकीपर पोजिशन के लिए संजू सैमसन पहली चॉइस हैं, वे पिछले 1 साल में भारत के लिए 3 टी-20 शतक लगा चुके हैं। उनके ऑप्शन के रूप में ऋषभ पंत बेस्ट रहते, लेकिन वे इंजरी के कारण टूर्नामेंट नहीं खेल सकेंगे। ऐसे में ध्रुव जुरेल, जितेश शर्मा और प्रभसिमरन के रूप में ऑप्शन बचते हैं। जुरेल को पिछली सीरीज में मौका मिला था, वहीं जितेश और प्रभसिमरन बेहतरीन फॉर्म में हैं। हालांकि, पिछली टीम को देखते हुए जुरेल को ही मौका मिलने की ज्यादा संभावनाएं हैं। इनके अलावा ईशान किशन और केएल राहुल भी रेस में हैं, लेकिन दोनों ही विकेटकीपर टॉप ऑर्डर पोजिशन में खेलते हैं। इनमें से किसी को तब ही मौका मिलेगा, जब सैमसन या कोई ओपनर इंजर्ड होगा। ओपनिंग पोजिशन पर वैसे भी सैमसन के अलावा अभिषेक, यशस्वी और शुभमन के रूप में 3 दावेदार पहले से हैं। ऐसे में ईशान और राहुल का शामिल होना मुश्किल है। हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी के रूप में भारत के पास 5 ऑलराउंडर हैं। हेड कोच गौतम गंभीर सभी



फॉर्मेट की टीम में ऑलराउंडर्स को ज्यादा तवज्जो देते हैं, ऐसे में पांचों खिलाड़ियों को एशिया कप की टीम में मौका मिल सकता है। इनमें से किसी एक को बाहर करने की जरूरत पड़ी तो सुंदर या रेड्डी में से किसी को बाहर किया जा सकता है।

तेज गेंदबाजों के ऑप्शन के रूप में भारत के पास अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी के ऑप्शन हैं। बुमराह को वर्कलोड के कारण ही इंग्लैंड सीरीज में 2 मैच नहीं खिलाए गए थे, ऐसे में वे एशिया कप के लिए भी फिट हैं। बुमराह के साथ अर्शदीप को भी टीम में मौका मिलेगा। बाकी 4 पेसर्स में किन्हीं 2 को मौका दिया जा सकता है। सिराज को आराम मिलने की संभावनाएं ज्यादा हैं। वहीं प्रसिद्ध और हर्षित का IPL में फॉर्म बेहतरीन रहा। शमी भी फिट हैं, लेकिन टी-20 टीम से अब उनकी छुट्टी हो सकती है।

स्पिन गेंदबाजों में अक्षर और सुंदर के रूप में 2 ऑलराउंडर हैं। इनके अलावा फुल टाइम स्पिनर्स में कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती के ऑप्शन हैं। अगर स्क्वॉड में जगह रही तो तीनों को मौका मिल जाएगा। अगर किन्हीं 2 को चुनना पड़ा तो बिश्नोई को बाहर किया जा सकता है। टीम में 2 स्पेशलिस्ट स्पिनर्स तो जरूर रहेंगे।

पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम इंडिया जिम्बाब्वे दौरे पर गई। यहां ऋतुराज गायकवाड और शुभमन गिल ने टीम की कप्तानी की, ज्यादातर मुकाबले में शुभमन ही लीडर रहे। अगली सीरीज श्रीलंका से हुई, यहां गिल को उप कप्तानी की जिम्मेदारी दी गई।

श्रीलंका सीरीज के बाद भारत ने साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड से टी-20 सीरीज खेली। इनमें शुभमन को आराम दिया गया, जिस कारण अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाया गया। अब बड़ा सवाल है कि एशिया कप में शुभमन को उप कप्तानी मिलेगी या अक्षर को?

शुभमन को टीम में भी मौका मिलेगा या नहीं? ये भी बड़ा सवाल है, क्योंकि टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को है, इसके 3 दिन बाद ही टीम इंडिया को वेस्टइंडीज से टेस्ट सीरीज खेलनी है, जिसमें शुभमन ही कप्तानी करेंगे।

## भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ बिल्कुल नहीं खेलना चाहिए : जाधव

**नई दिल्ली, 18 अगस्त।** एशिया कप वैसे तो पूरे एशिया का क्रिकेट टूर्नामेंट है, लेकिन इसमें सभी की नजर भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले पर रहती हैं। इस बार भी जिस तरह का शेड्यूल जारी किया गया है, उसमें कम से कम दो मुकाबले तो तय से नजर आ रहे हैं और हो सकता है कि तीन बार भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने सामने आ जाएं। इस बीच टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी ने एक बयान दिया है। इससे ऐसा लग रहा है कि भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला नहीं खेलेगी।

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 में महामुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच 21 सितंबर को खेले जाने की संभावना है। अगर दोनों टीमें आगे जाती हैं तो फाइनल में भी भिड़ंत हो सकती है।

अभी की बात करें तो पाकिस्तान के स्क्वाड का ऐलान इस टूर्नामेंट के लिए कर दिया गया है, वहीं भारतीय टीम की घोषणा 19 अगस्त को किया जाएगा। इस बीच पूर्व क्रिकेटर केदार जाधव ने कहा है कि भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ बिल्कुल नहीं खेलना चाहिए। जहां तक भारत का सवाल है, मुझे लगता है कि भारत जहां भी खेलेगा, जीतेगा ही, लेकिन यह मैच बिल्कुल नहीं खेला जाना चाहिए और वे खेलेंगे भी नहीं। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं। ये बात केदार जाधव ने न्यूज एजेंसी



से बात करते हुए कही।

इससे पहले जब वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का आयोजन किया गया था, तब भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से मना कर दिया था। इसके बाद मैच नहीं हो पाया था। इस टूर्नामेंट के दौरान दो बार ऐसा हुआ। क्या एशिया कप में भी टीम इंडिया ऐसा ही कुछ करेगी, अभी इसको लेकर बीसीसीआई की ओर से कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन आगे क्या कुछ होता है, अभी कह पान मुश्किल है।

जब से एशिया कप के शेड्यूल का ऐलान किया गया है, तब से लेकर अब तक बीसीसीआई की ओर से भारत बनाम पाकिस्तान मैच को लेकर कुछ भी नहीं कहा गया है। अब टीम का ऐलान भी होने वाला है। यानी अभी तक तो कुछ नहीं है, लेकिन अचानक कुछ हो जाए तो कहा नहीं जा सकता। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अब वो मौका आया है, जब भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

# आकाश दीप दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट से बाहर

**नई दिल्ली, 18 अगस्त।** दलीप ट्रॉफी 2025 के शुरू होने से पहले ईस्ट जोन की टीम को एक के बाद एक लगातार झटके लग रहे हैं। सबसे पहले कप्तान ईशान किशन चोट की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हुए। इसके बाद अब टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट की वजह से दलीप ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 132 विकेट ले चुके मुख्तार हुसैन को टीम में शामिल किया गया है।



डोमेस्टिक क्रिकेट में मुख्तार हुसैन के आंकड़ों की बात करें तो वहां उन्होंने अब तक 40 फर्स्ट क्लास, 43 लिस्ट ए और 36 टी-20 मैच खेले हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उन्होंने 132, लिस्ट ए क्रिकेट में 49 और टी-20 में 39 विकेट चटकाए हैं। मुख्तार पहले ही स्टैंड बाय खिलाड़ी के तौर पर टीम के साथ थे, लेकिन अब आकाश दीप के बाहर होने के बाद उन्हें स्क्वॉड में शामिल किया गया है। आकाश दीप की बात करें तो वह इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलते हुए नजर आए थे। वहां वह चोट की वजह से चौथे टेस्ट मैच से बाहर रहे थे लेकिन पांचवें मैच में उन्होंने वापसी की थी और वहां उन्होंने नाईट वॉचमैन के तौर पर बल्ले से अर्धशतकीय पारी और 66 रन बनाकर आउट हुए थे। इंग्लैंड सीरीज में उन्होंने तीन मैचों में 13 विकेट चटकाए थे। चोट की वजह से डॉक्टर्स ने उन्हें इस वक्त आराम करने की सलाह दी है।

ईशान किशन के बाहर होने के बाद ईस्ट जोन की कप्तानी अभिमन्यु ईश्वरन को सौंपी गई है, वहीं रियान पराग को टीम का उपकप्तान नियुक्त गया है।

इन दो बड़े खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में ईस्ट जोन की टीम कैसा प्रदर्शन करती है ये देखने लायक बात होगी। ईस्ट जोन की टीम दलीप ट्रॉफी 2025 में अपना पहला मुकाबला नॉर्थ जोन के खिलाफ खेलेगी। यह मैच बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में 28 अगस्त से खेला जाएगा।

### यूपी टी-20 : रिंकू सिंह की टीम को मिला नया सुपरस्टार

# 31 गेंदों में 95 रन, माधव कौशिक ने मचाया तहलका

**लखनऊ, 18 अगस्त।** यूपी टी-20 के लीग के तीसरे सीजन की शुरुआत 17 अगस्त से हो चुकी है। सीजन का पहला मैच रिंकू सिंह की कप्तानी वाली मेरठ मैवरिक्स और कानपुर सुपरस्टार्स के बीच खेला गया। इस मैच में रिंकू सिंह की टीम ने 86 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। पहले ही मैच में मेरठ के बल्लेबाज माधव कौशिक ने तूफानी पारी खेली, उनकी इस पारी को देखने क्रिकेट जगत में चारों तरफ उनकी बातें हो रही है। माधव के रूप में रिंकू सिंह की टीम को इस सीजन एक उभरता हुआ सितारा मिला है।

माधव कौशिक की बात करें तो उन्होंने इस मैच में 31 गेंदों में नाबाद 95 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 10



चौके और 7 छक्के लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 306.45 का रहा। उनकी इसी पारी के बदौलत मेरठ की टीम 20 ओवर में 225 रन बनाने में कामयाब रही। इस मैच में माधव 12वें ओवर में बैटिंग करने उतरे। उतरने के साथ ही उन्होंने चौकों-छक्कों की बारिश कर दी। सिर्फ 18 गेंदों में उन्होंने अर्धशतक पूरा कर लिया।

एक वक्त ऐसा लग रहा था कि वह इस मैच में शतक पूरा कर लेंगे, लेकिन अंत में वह ऐसा करने से 5 रन से दूर रह गए। अपनी इस 95 रनों की पारी में माधव ने 82 रन तो चौके और छक्के से ही बना दिए। वहीं दूसरे छोर पर मौजूद ऋतुराज शर्मा ने भी उनका अच्छा साथ दिया। वह भी 36 गेंदों में 60 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने भी अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाए। दोनों खिलाड़ियों के बीच तीसरे विकेट के लिए 130 रन की पार्टनरशिप हुई।

माधव कौशिक की बात करें तो वह डोमेस्टिक क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए खेलते हैं। वहां उन्होंने अब तक 22 फर्स्ट क्लास मैच, 23 लिस्ट ए मैच और 14 टी20 मुकाबले खेले हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उन्होंने 35.16 के औसत से 1090 रन बनाए हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में उन्होंने 41.76 के औसत से 877 रन बनाए हैं। टी-20 में उन्होंने 250 रन बनाए हैं।

## व्यापार

### लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में भारत का बढ़ता कद

# वर्ष 2024-25 में 145.5 मिलियन टन का रिकॉर्ड माल परिवहन

**नई दिल्ली, 18 अगस्त।** विश्व बैंक ने लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में भारत के बढ़ते कद की पुष्टि की है, जिसके तहत देश 2023 के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक (एलपीआई) में 139 देशों की सूची में 38वें स्थान पर पहुंच गया है। यह 2018 की पिछली रैंकिंग के बाद से छह स्थानों का उल्लेखनीय सुधार है। रैंकिंग में यह तेज उछाल भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के आधुनिकीकरण और उसे सुव्यवस्थित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। भारत 2030 तक दुनिया के शीर्ष 25 लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल होने का लक्ष्य रखता है, जिसका लक्ष्य लॉजिस्टिक्स लागत को सकल घरेलू उत्पाद के 10 प्र. से नीचे लाना है।

भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने हाल ही में वर्ष 2024-25 में 145.5 मिलियन टन के रिकॉर्ड माल परिवहन की सूचना दी है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि मुख्यतः वर्तमान में जारी निवेश और मज़बूत सरकारी नीतियों के कारण संभव हुई है। इसी अवधि के दौरान चालू राष्ट्रीय जलमार्गों की संख्या भी 24 से बढ़कर 29 हो गई है।



जुलाई 2017 में, लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के एकीकृत विकास की देखरेख के लिए वाणिज्य विभाग के अंतर्गत एक अलग लॉजिस्टिक्स इकाई का गठन किया गया था। लॉजिस्टिक्स उद्योग आर्थिक विकास और व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, इन्वेंट्री, परिवहन, भंडारण, वेयरहाउसिंग और वितरण का प्रबंधन करके, उत्पादकों को उपभोक्ताओं से जोड़कर, विनिर्माण, खुदरा, ई-कॉमर्स और सेवाओं को बढ़ावा देता है। ज्ञात हो, भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। सेवा, विनिर्माण और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों ने 2021 और 2022 में महामारी के बाद भारत की मजबूत रिकवरी का नेतृत्व किया, जिसके परिणामस्वरूप इन दो वर्षों में 15.3त्न की वृद्धि हुई। तब से भारत ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी है, जिसकी वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर (स्थिर मूल्यों पर) वर्ष 2024-2025 में 6.5त्न रहने का अनुमान है। वहीं, आज मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं का अर्थ है, कल एक मजबूत और अधिक लचीला भारत। बुनियादी ढांचे के विकास और डिजिटलीकरण पर सरकार के प्रयासों ने विकास को और तेज किया है, जिससे भारत एशिया में एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स केंद्र के रूप में स्थापित हुआ है।

गौरतलब हो, जुलाई 2017 में, लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के एकीकृत विकास की देखरेख के लिए वाणिज्य विभाग के अंतर्गत एक अलग लॉजिस्टिक्स इकाई का गठन किया गया था। लॉजिस्टिक्स उद्योग आर्थिक विकास और व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, इन्वेंट्री, परिवहन, भंडारण, वेयरहाउसिंग और वितरण का प्रबंधन करके, उत्पादकों को उपभोक्ताओं से जोड़कर, विनिर्माण, खुदरा, ई-कॉमर्स और सेवाओं को बढ़ावा देता है। भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र का मूल्य 2021 में 215 बिलियन अमेरिकी डॉलर आंका गया था। यह 2026 तक 10.7 प्र. की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ मजबूत विकास के लिए अच्छी स्थिति में है। इस क्षेत्र को बुनियादी ढांचा का दर्जा देने के सरकार के फैसले से सड़क और रेलवे के समान ही सस्ते, दीर्घकालिक वित्तपोषण तक पहुंच संभव हुई है, जिससे भारत की विकास गाथा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका और भी मजबूत हुई है।

# फॉक्सकॉन के बेंगलुरु प्लांट में आईफोन-17 का उत्पादन शुरू

**बेंगलुरु, 18 अगस्त।** ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज और एप्पल की प्रमुख सप्लायर फॉक्सकॉन ने अपने नए बेंगलुरु फैक्ट्री में आईफोन 17 का उत्पादन शुरू कर दिया है। यह इस फैक्ट्री के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह चीन के बाहर फॉक्सकॉन की दूसरी सबसे बड़ी आईफोन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है और लगभग 2.8 बिलियन डॉलर (लगभग 25,000 करोड़ रुपए) के निवेश से स्थापित की गई है। देवनहल्ली स्थित बेंगलुरु यूनिट अब फॉक्सकॉन के चेन्नई प्लांट के साथ-साथ चालू हो गई है, जहां आईफोन 17 का उत्पादन भी चल रहा है। यह पिछले साल लगभग इसी समय-सीमा में आईफोन 16 सीरीज के स्थानीय उत्पादन के बाद है, जो इसके वैश्विक और भारत में लॉन्च से पहले था।

हालांकि, एप्पल या फॉक्सकॉन ने अभी तक इस घटनाक्रम पर आधिकारिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। इस साल की शुरुआत में कई



चीनी इंजीनियरों के अचानक चले जाने के बाद नई यूनिट को कुछ समय के लिए झटका लगा था, लेकिन फॉक्सकॉन ने इस कमी को पूरा करने के लिए ताइवान और दूसरे स्थानों से विशेषज्ञों को लाने में कामयाबी हासिल की है। दरअसल, एप्पल भारत को एक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करने पर बड़ा दांव लगा रहा है। कंपनी द्वारा इस वर्ष आईफोन उत्पादन को 6 करोड़ यूनिट तक बढ़ाने की उम्मीद है, जबकि 2024-25 में यह 3.5-4 करोड़ यूनिट था। वहीं, 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष में, एप्पल ने भारत में 60 प्रतिशत अधिक आईफोन असेंबल किए, जिनकी अनुमानित कीमत 22 अरब डॉलर है।

एप्पल के सीईओ टिम कुक ने हाल ही में कंपनी की ग्लोबल सप्लाई चेन में भारत के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। 31 जुलाई को वित्तीय परिणामों की घोषणा के बाद, उन्होंने खुलासा किया कि जून 2025 में अमेरिका में बेचे गए अधिकांश आईफोन भारत में बने थे। दूसरी तिमाही के आय परिणामों पर कॉल के दौरान, कुक ने यह भी पुष्टि की कि जून तिमाही के दौरान अमेरिका में बेचे गए सभी आईफोन भारत से भेजे गए थे।एसएंडपी ग्लोबल के एक विश्लेषण से पता चलता है कि 2024 में अमेरिका में आईफोन की बिक्री 75.9 मिलियन यूनिट तक पंहुच गई। मार्च 2025 तक भारत से निर्यात 3.1 मिलियन यूनिट होने के साथ, इस मांग को पूरा करने के लिए एप्पल को या तो अपनी क्षमता बढ़ाकर शिपमेंट दोगुना करना होगा या घरेलू बाजार के लिए अधिक डिवाइस भेजने होंगे।

## गौरव गुप्ता ने ब्राइडल कुत्योर कलेक्शन 'क्वांटम एंटैंगलमेंट' पेश किया

**मुंबई, 18 अगस्त।** इंटरनेशनल स्तर पर पहचाने जाने वाले कुत्योर डिजाइनर गौरव गुप्ता ने 8 अगस्त 2025 को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में अपना इंडियन कुत्योर 2025 कलेक्शन क्वांटम एंटैंगलमेंट पेश किया। यह उनकी ब्राइडल कुत्योर लाइन का ऐतिहासिक डेब्यू था, जिसे शादी के वचन लेने के पवित्र पल के लिए तैयार किया गया। इसे मॉडर्न इंडियन वेडिंग के लिए एक इमर्सिव एक्सपीरियंस के रूप में डिजाइन किया गया था। यह एक्सपीरियंस 500 से ज्यादा मेहमानों को एक इमोशनल जर्नी पर ले गया, जिसमें तीन जुड़े हुए स्पेस थे, जिसमें एक ही शाम में थिएट्रिकल फैशन स्टोरीटेलिंग के रूप में कॉकटेल ऑवर से सात वचनों तक और फिर



रिसेप्शन तक की शादी से जुड़े हर रिवाज को गहराई से प्रस्तुत किया गया। क्वांटम एंटैंगलमेंट नामक यह कलेक्शन उस थ्योरी से प्रेरित था कि दो पार्टिकल्स हमेशा के लिए जुड़े रहते हैं, जो भारतीय शादी की रस्मों की इमोशनल सिंक्रोनिसिटी को दर्शाता है। चिवास लक्स कलेक्टिव परफ्यूम्स के साथ मिलकर, गुप्ता ने इसे कुत्योर में मिरर किए हुए सिल्हूट, डुअल-टोन पेयरिंग और साथ मिलकर संजोई गई यादों की गूंज वाली कढ़ाई के जरिए प्रस्तुत किया।

# कोटक ने लॉन्च किया सॉलिटेयर

**मुंबइ, 18 अगस्त।** कोटक महिंद्रा बैंक ने आज कोटक सॉलिटेयर के लॉन्च की घोषणा की, जो वास्तह्यव में भारत के धनी लोगों के लिए खास तौर पर बनाई गई एक अनूठी बैंकिंग सेवा है। यह सिर्फ एक उत्पाद नहीं है - यह एक विशेषाधिकार है। सॉलिटेयर एक खास बैंकिंग सेवा है, जो केवल निमंत्रण पर उपलब्ध है। यह उन लोगों और परिवारों के लिए है, जिनका कोटक बैंक के साथ गहरा और विविध वित्तीय रिश्ता है। यह सिर्फ आपके खाते में जमा राशि पर आधारित नहीं है, बल्कि यह आपके परिवार के जमा, निवेश, लोन, बीमा और डीमैट होल्डिंग्स को मिलाकर गणना किए गए कुल संबंध मूल्य (टोटल रिलेशनशिप वैल्यू) पर निर्भर करता है। रोहित भसीन,




प्रेसिडेंट - हेड ऑफ एफ्लुएंट, एनआरआई, और बिजनेस बैंकिंग और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, कोटक महिंद्रा बैंक ने कहा, भारत का समृद्ध वर्ग तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन उनका बैंकिंग अनुभव इस गति के साथ नहीं चल पाया है। सॉलिटेयर इस अंतर को कम करने का हमारा जवाब है। यह एक उत्पाद नहीं है - यह एक प्रस्ताव है। सॉलिटेयर सफलता को पहचानता है, महत्वाकांक्षा का सम्मान करता है, और बैंकिंग अनुभव को फिर से परिभाषित करता है।

विस्तृत शोध से पता चला कि समृद्ध ग्राहकों और उनके बैंकों के बीच स्पष्ट असंतुलन है। वे अपने बैंकों में अदृश्य, उपेक्षित और भावनात्मक रूप से असंबद्ध महसूस करते हैं।

फ्रेडरिक डिसूजा, बिजनेस हेड - क्रेडिट कार्ड्स ने कहा, यह कार्ड सिर्फ आपको लाभ नहीं देता। यह आपकी उपलब्धियों का सम्मान करता है। इसे उन लोगों के लिए बनाया गया है जिन्होंने सफलता हासिल की है और चाहते हैं कि उनका परिवार भी उसी तरह की शानदार सेवा और सम्मान पाए।

सॉलिटेयर केवल निमंत्रण द्वारा उपलब्ध है। ग्राहकों को उनके रिलेशनशिप वैल्यू और कोटक के इकोसिस्टम में उनकी भागीदारी के आधार पर आमंत्रित किया जाता है।

## एचडीएफसी बैंक ने औसत मासिक शेष राशि में बदलाव नहीं किया




**मुंबई, 18 अगस्त।** एचडीएफसीबैंक ने बचत खाते मे किसी भी प्रकार के खाते के लिए औसत मासिक शेष राशि (एएमबी) कीआवश्यकता में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एचडीएफसी बैंक ग्राहकों की प्रोफ़ाइलके अनुसार कई प्रकार के बचत खाते प्रदान करता है। प्रत्येक प्रकार में प्रदान की जाने वाली मूल्यवर्धित सेवाओं के आधार पर औसत मासिक शेष राशिकी अलग-अलग आवश्यकताएँ होती हैं। नियमित सेविंग्स खाते के लिए एएमबी 10,000 रुपएऔर सेविंग्स मैक्स खाते के लिए एएमबी 25,000 रुपए ही रहेगा। ग्राहक प्रोफ़ाइल के आधार पर सभी प्रकार ग्रामीण, अर्ध-शहरी, शहरी और महानगरीय शाखाओं मेंउपलब्ध हैं। महानगरीय क्षेत्रों में ग्राहकों के उपयोग को देखते हुए, बैंक महानगरीय शाखाओं में नए खाते खोलने वाले ग्राहकों को सेविंग्स मैक्स खाता प्रदान करने को प्राथमिकता देगा।

